दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO. RAJHIN/2013/52026
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 13 | अंक : 46 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
टोंक | शनिवार, 20 सितंबर 2025 | आश्विन, कृष्ण पक्ष चतुर्दशी संवत् - 2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# मणिपुर में असम राइफल्स पर हमला, 2 जवान शहीद, आतंकवादियों ने काफिले पर की फायरिंग

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** मणिपुर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बिष्णुपुर जिले में हथियारबंद आतंकियों ने शुक्रवार शाम असम राइफल्स के वाहन पर हमला कर दिया, जिसमें असम राइफल्स के दो जवानों शदीद हो गए हैं और कम से कम पांच अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना जिले के नांबोल सबल लेइकाई इलाके में शाम करीब छह बजे हुई।

घायलों की हालत फिलहाल स्थिर है अभी तक, किसी भी समूह ने इसकी ज़िम्मेदारी नहीं ली है। घटना में शामिल आतंकवादियों को मार गिराने के लिए तलाशी अभियान जारी है।





मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में शुक्रवार शाम अज्ञात हमलावरों ने असम राइफल्स के वाहन पर फायरिंग कर दी। इस हमले में दो जवान शहीद हो गए, जबकि पांच अन्य घायल हुए। यह घटना करीब शाम 6 बजे उस समय हुई जब 33 असम राइफल्स की टुकड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग-2 से होकर बिष्णुपुर की ओर जा रही थी। जवान इंफाल से बिष्णुपुर के लिए रवाना हुए थे।

### मणिपुर में घात लगाकर हमला

गुवाहाटी स्थित रक्षा जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि मणिपुर के नम्बोल सबल लेईकाई इलाके में राजमार्ग पर अज्ञात आतंकियों ने असम राइफल्स की टुकड़ी पर घात लगाकर हमला किया। इस हमले में दो जवान शहीद हो गए, जबकि पाँच घायल हुए हैं। घायलों को रिम्स अस्पताल ले जाया गया है और उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। अब तक किसी भी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। सुरक्षाबलों ने आतंकियों की तलाश के लिए अभियान शुरू कर दिया है। हमले के बाद राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह अस्पताल पहुंचे और घायल जवानों से मुलाकात की।

### राज्यपाल बोले- ऐसे हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने शहीद जवानों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और उनके साहस और देशभक्ति की सराहना की। उन्होंने घायल जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना भी की। राज्यपाल ने कहा- इस तरह के हमलों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए कड़ा कदम उठाया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### गायक जुबीन गर्ग का आकस्मिक निधन



**नई दिल्ली।** असमिया गायक जुबीन गर्ग के आकस्मिक निधन से हर कोई परेशान है। लोग उनके मौत का असली कारण जानना चाह रहे हैं। अब इसपर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक बड़ी जानकारी दी है, जो चौंकाने वाली है। सीएम बिस्वा ने कहा कि सिंगापुर में भारतीय उच्चायुक्त शिल्पक अंबुले ने उन्हें सूचित किया है कि गायक की बिना लाइफ जैकेट के तैरते समय मौत हो गई। आइए जानते हैं सीएम ने क्या कहा। असम सीएम हिमंत बिस्वा सरमा गायक जुबीन गर्ग के निवास पर परिवार से मिलने पहुंचे। वहां उन्होंने पीटीआई से बातचीत में कहा कि गायक बिना लाइफ जैकेट के तैरने गए थे। हालांकि लाइफ गाड्र्स ने उनसे लाइफ जैकेट पहनने पर जोर दिया था।

### छात्रसंघ चुनाव बेन मामले में सुनवाई अधूरी रही



**जयपुर।** छात्रसंघ चुनाव बेन मामले में शुक्रवार को हाईकोर्ट में सुनवाई अधूरी रही। जस्टिस समीर जैन की अदालत में आज जय राव व अन्य की याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान न्यायमित्र अभिनव शर्मा ने कहा कि जिस नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी) को लागू करने का बहाना बनाकर सरकार छात्रसंघ चुनाव नहीं कराने की बात कर रही है। वो एजुकेशन पॉलिसी 2020 में ही लागू हो गई थी। उसके बाद सरकार ने 2022-23 का छात्रसंघ चुनाव करवाया था। ऐसे में सरकार अब पॉलिसी को लागू करने का केवल बहाना बना रही है। वहीं उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट की लार्जर बैंच के साथ-साथ सुप्रीम कोर्ट भी कह चुका है।

कैबिनेट की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय

# दिवंगत कार्मिक के माता-पिता को मिलसकेगी 50 प्रतिशत तक पेंशन

**नवीनतम स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर से लैस होगी महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, अंतराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप निखरेंगी प्रदेश की खेल प्रतिभाएं -राजमेस मेडिकल कॉलेजों में एनआरआई कोटा फीस में संशोधन**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में मंत्रिमण्डल की बैठक आयोजित हुई। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा एवं संसदीय कार्यमंत्री श्री जोगाराम पटेल ने प्रेसवार्ता में बताया कि प्रदेश में विश्वस्तरीय खेल प्रतिभाएं तैयार करने के लिए महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी जयपुर विधेयक लाने, राजमेस मेडिकल कॉलेजों में एनआरआई कोटा की फीस कम करने, दिवंगत कार्मिक के माता-पिता और दिव्यांग संतान के लिए पारिवारिक पेंशन के प्रावधानों के सरलीकरण एवं विभिन्न विभागों में कार्यरत कार्मिकों को पदोन्नतियों का लाभ देने के लिए सेवा नियमों में संशोधन सहित कई महत्वपूर्ण फैसले बैठक में किए गए।

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने बताया कि कैबिनेट की बैठक में 'द महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी जयपुर बिल-2025' के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। यह विधेयक विधानसभा के आगामी सत्र में प्रस्तुत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024-25 के बजट में प्रदेश में खेलों और शारीरिक शिक्षा को बढ़ावा देते हुए प्रतिभाशाली युवाओं को आधुनिक उपकरणों के साथ वैज्ञानिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने, विभिन्न खेलों के उच्चस्तरीय कोच एवं खेल विशेषज्ञ तैयार करने के लिए महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी स्थापित करने की घोषणा की गई थी। डॉ. बैरवा ने बताया कि यह विश्वविद्यालय खेल विज्ञान, स्पोर्ट्स टेक्नोलॉजी और परफॉर्मेन्स एनालिटिक्स पर शोध को बढ़ावा देगा।




### राजस्थान सिविल सेवा (पेंशन) नियम में संशोधन

जोगाराम पटेल ने बताया कि वर्तमान में राजस्थान सिविल सेवा (पेंशन) नियम-1996 के नियम 62(IV) में दिवंगत कार्मिक के माता-पिता के मामले में कार्मिक की कुल परिलब्धियों की 30 प्रतिशत पारिवारिक पेंशन दिए जाने का प्रावधान है। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस नियम को विलोपित करने का निर्णय लिया गया। अब माता-पिता को भी नियम 62(III) के अनुसार ही बढ़ी हुई पेंशन (अधिकतम 50 प्रतिशत तक) का लाभ प्राप्त हो सकेगा, जो कार्मिक के जीवित होने पर बनती है। साथ ही, राजस्थान सिविल सेवा (पेंशन) नियम-1996 के नियम 67 में संशोधन की स्वीकृति भी आज दी गई। इस संशोधन के अनुसार अब मानसिक या शारीरिक निशक्तता से ग्रसित पुत्र अथवा पुत्री को विवाह उपरांत भी पारिवारिक पेंशन प्राप्त हो सकेगी।

### सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए सशर्त भूमि आवंटन

संसदीय कार्यमंत्री श्री जोगाराम पटेल ने बताया कि 5,200 मेगावॉट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाओं हेतु सशर्त कीमतन भूमि आवंटित करने की स्वीकृति भी आज मंत्रिमंडल द्वारा प्रदान की गई है।

# दिल्ली में ISIS से जुड़े 5 आतंकी गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** देशभर में कल बड़े आतंकी नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ था. अब इस मामले में फिर से बड़ी कामयाबी मिली है. आतंकी संगठन ISIS के स्लीपर मॉड्यूल से जुड़े 5 आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार किए गए आतंकियों में दो आफताब और सूफियान को दिल्ली से पकड़ा गया है, जो कि मुंबई के रहने वाले हैं. वहीं तीसरा आतंकी अशहर दानिश को रांची के तबराक लॉज से गिरफ्तार किया गया, जहां 2025 से छात्र बनकर छुपा हुआ था. एक आतंकी हैदराबाद और एक मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है. पुलिस की छापेमारी के दौरान अशहर दानिश के पास से एक पिस्टल और कई डिजिटल डिवाइस बरामद हुए हैं. मामले की जांच में यह बड़ा खुलासा हुआ है कि सभी गिरफ्तार आतंकी ISIS के स्लीपर मॉड्यूल सेल से जुड़े हुए हैं।




चपरासी भर्ती में 1700 अभ्यर्थी शक के

# चयन बोर्ड अध्यक्ष बोले-फोटोज एक से ज्यादा नामों से मैच ये मुन्नाभाई-मुन्नी बहन हों तो सावधान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान ग्रेड फोर्थ (चपरासी) भर्ती परीक्षा शुक्रवार (19 सितंबर) से शुरू हो गई है। 21 सितंबर तक रोजाना दो पारी में परीक्षा होगी। शुक्रवार को पहली पारी में 84.42%, जबकि दूसरी पारी में 85.29% अटेंडेंस रही। एग्जाम खत्म होने के बाद बस स्टैंड पर अभ्यर्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी।

कर्मचारी चयन बोर्ड अध्यक्ष आलोक राज ने चपरासी भर्ती परीक्षा के 1700 कैंडिडेट्स के डमी होने का शक जताया। उन्होंने इन अभ्यर्थियों को मुन्ना भाई-मुन्नी बहन और डमी भाई-बहन साहब का नाम देते हुए सावधान रहने की हिदायत दी है।

आलोक राज ने एक्स पर लिखा- 4th class exam के 25 लाख कैंडिडेट्स के फोटोज का जब हमने सॉफ्टवेयर से मैच करवाया तो पता लगा 1700 कैंडिडेट्स की फोटोज एक से ज्यादा फोटो या नामों से मैच हो रही है। यदि ये वास्तव में मुन्नाभाई -मुन्नी बहिन DBBS (डमी भाई बहिन साब) हैं तो ये सावधान रहें।



53 हजार 749 पदों पर भर्ती के लिए करीब 24 लाख 75 हजार कैंडिडेट्स ने आवेदन किया है। इसमें 10 वीं अभ्यर्थी आवेदन कर सकते थे, इनमें 75% अभ्यर्थी ऐसे हैं, जो ओवर क्वालिफाइड हैं। राजस्थान के 38 जिलों में 1286 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें हर पारी में 4 लाख 11 हजार 843 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। जयपुर में फोर्थ ग्रेड भर्ती परीक्षा देने पहुंचे मुकेश कुमार मीणा ने बताया कि वह इससे पहले राजस्थान प्रशासनिक सेवा (RAS) की प्री भर्ती परीक्षा पास कर चुके हैं। इसके साथ ही वह आधा दर्जन भर्ती परीक्षा दे चुके हैं, जिनके रिजल्ट आने बाकी हैं। मुकेश ने एलएलबी कर रखी है और राजस्थान हाईकोर्ट में प्रैक्टिस भी कर रहे हैं। अजमेर निवासी खुशबू शुभवत ने बताया कि एमए कर रखी है और पटवारी, RAS प्री एग्जाम दे चुकी हूं। RAS प्री क्लियर भी हो चुका है। लंबे समय से तैयारी कर रही थी।

सीकर के लक्ष्मणगढ़ से एग्जाम देने आई एक महिला कैंडिडेट ने बताया कि उसने बीएड, एमए कर रखी है। इससे पहले उसने ग्रेड फर्स्ट, सेकेंड टीचर के पेपर भी दिए हैं और REET भी क्लियर है। सीकर की रहने वाली महिला कैंडिडेट पूजा सैनी ने बताया कि उसने बीएड कर रखी है और चार-पांच महीने से चपरासी भर्ती की तैयारी कर रही है।

## सम्पादकीय

# पाकिस्तान-सऊदी अरब में रक्षा समझौता, भारत के लिए चिंता



पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच रक्षा समझौता होने से भारत का सशंकित होना स्वाभाविक है। यह कोई सामान्य रक्षा समझौता नहीं है, क्योंकि इसमें यह कहा गया है कि यदि किसी भी देश पर हमला होता है तो उसे दोनों देशों के खिलाफ माना जाएगा। इसके चलते यह प्रश्न उठा है कि यदि भारत भविष्य में पाकिस्तान के खिलाफ वैसी कोई सैन्य कार्रवाई करता है, जैसी पिछले दिनों आपरेशन सिंदूर के तहत की गई तो क्या सऊदी अरब पाकिस्तान के साथ वैसे ही खड़ा होगा, जैसे चीन और तुर्किये खड़े हुए थे?

इस प्रश्न पर विचार करते समय इस पर भी ध्यान देना होगा कि आपरेशन सिंदूर पाकिस्तान पोषित आतंकवाद के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई थी। क्या सऊदी अरब आतंकवाद के खिलाफ की जाने वाली सैन्य कार्रवाई को भी पाकिस्तान पर हमले के रूप में देखेगा? भारत ने अपनी प्रतिक्रिया में उम्मीद जताई है कि सऊदी अरब भारत की संवेदनशीलता का ध्यान रखेगा, लेकिन यदि उसे भारत के हितों की चिंता होती तो क्या वह पाकिस्तान से वैसा समझौता करता, जैसा अमेरिका के प्रभुत्व वाले सैन्य संगठन नाटो के सदस्य देशों ने कर रखा है?

क्या सऊदी अरब ने पाकिस्तान से नाटो जैसा रक्षा समझौता इसलिए किया, क्योंकि वह अमेरिका पर पहले जितना भरोसा नहीं कर पा रहा है? कहना कठिन है, लेकिन ऐसा हो भी सकता है, क्योंकि एक तो अमेरिका का प्रभाव तेजी से घट रहा है और दूसरे, सऊदी अरब ने यह देखा कि कुछ दिनों पहले इजरायल ने किस तरह उसके पड़ोसी देश कतर में हमला किया।

कतर में अमेरिका का सैन्य ठिकाना होने के बाद भी इजरायल ने उस पर हमला करने में संकोच नहीं किया। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की मानें तो उन्हें कतर पर इजरायली हमले की कहीं कोई जानकारी नहीं थी, लेकिन शायद सऊदी अरब इस पर यकीन करने के लिए तैयार नहीं।

जो भी हो, इस समझौते ने अमेरिकी राष्ट्रपति के अब्राहम समझौते को आगे बढ़ाने के सपने पर भी पानी फेरने का काम किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति इस समझौते को विस्तार देकर अन्य अरब देशों और इजरायल में मित्रवत संबंध कायम करना चाहते हैं।

यदि सऊदी अरब ने अपनी सुरक्षा चिंताओं का समाधान करने के लिए पाकिस्तान से रक्षा समझौता करना बेहतर समझा तो यह अमेरिका से ज्यादा भारत के लिए चिंता का विषय है। यह समझौता पाकिस्तान का दुस्साहस बढ़ाने का जरिया बन सकता है। इस समझौते ने पश्चिम एशिया में भारत की कूटनीतिक चुनौती बढ़ा दी है। इस चुनौती से पार पाने के लिए भारत को एक ओर जहां अपनी कूटनीति को धार देनी होगी, वहीं दूसरी ओर अपनी सैन्य एवं आर्थिक शक्ति भी बढ़ानी होगी। इसके अतिरिक्त और कोई उपाय नहीं, क्योंकि पश्चिम एशिया में भारत के व्यापक हित निहित हैं।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 20 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1995 - संयुक्त राज्य महासभा का 50वाँ अधिवेशन प्रारम्भ।
- 1999 - रईसा गोर्बाच्योव का निधन।
- 2000 - क्लिंटन दम्पत्ति 'व्हाइट वाटर कांड' के आरोपों से मुक्त।
- 2001 - अमेरिका ने 150 लड़ाकू विमान खाड़ी में उतारे।
- 2003 - संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक प्रस्ताव पारित कर इस्रायल से यासिर अराफ़ात की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा।
- 2004 - इंडोनेशिया में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए मतदान।
- 2006 - ब्रिटेन के रॉयल बॉटैनिक गार्डन्स के वैज्ञानिकों को 200 वर्ष पुराने बीज उगाने में कामयाबी मिली। बहरीन में विश्व कन्नड़ संस्कृति सम्मेलन का आयोजन। 15 वर्ष बाद ब्रूसेल्स में भारत महोत्सव का आयोजन पुन: प्रारम्भ।
- 2007 - फ्राँस की सबसे वृद्ध महिला सिमोन कैपोन की 113 की अवस्?था में मृत्?यु हो गई।
- 2009 - मराठी फ़िल्म 'हरिशचन्द्राची फैक्ट्री' को आस्कर अवार्ड्स की विदेशी फ़िल्म कैटिगरी में भारत की एंट्री के तौर पर चुना गया।
- 2012- भारत की राजभाषा हिंदी दुनिया में दूसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। बहुभाषी भारत के हिंदी भाषी राज्यों की आबादी 46 करोड़ से अधिक है।
- 20 सितंबर को जन्मे व्यक्ति
- 1897 - नाना साहब परुलेकर - मराठी पत्रकार।
- 1911 - श्रीराम शर्मा आचार्य - भारतीय आध्यात्मिक नेता।
- 1921 - अजीत राम वर्मा - पद्म भूषण से सम्मानित भारतीय वैज्ञानिक थे।
- 1942 - राजिंदर गोयल - भारतीय क्रिकेटर थे, जिन्होंने क्रिकेट में एक गेंदबाज़ के रूप में अपनी ख़ास पहचान बनाई।
- 1948 - महेश भट्ट- प्रसिद्ध फ़िल्म निर्माता निर्देशक।
- 1924 - ए. नागेश्वर राव - तेलुगु फ़िल्म अभिनेता और फ़िल्म निर्माता।
- 1957 - अनुपम श्याम - भारतीय फिल्म व टीवी कलाकार थे।

## विशेष आलेख

# युद्ध-आतंक के दौर में शांति के लिये भारत की पुकार



ललित गर्ग



अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस, जिसे प्रतिवर्ष 21 सितंबर को मनाया जाता है, आज के समय की सबसे बड़ी मानवीय आवश्यकता की याद दिलाता है। जब पूरी दुनिया युद्ध, हिंसा, आतंकवाद, जलवायु संकट और असमानताओं के दौर से से गुजर रही हो, तब शांति का महत्व केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि अस्तित्व का आधार बन जाता है। इतिहास गवाह है कि युद्धों ने मानव सभ्यता को केवल विनाश ही दिया है। दो विश्वयुद्धों में करोड़ों लोगों की जान गई, असंख्य परिवार उजड़ गए और सभ्यता के सपनों पर गहरी चोट लगी। आज भी यूक्रेन से लेकर सीरिया, अफगानिस्तान और अफ्रीका तक की धरती पर संघर्ष और आतंकवाद की आग धधक रही है। निर्दोष नागरिक, महिलाएं और बच्चे सबसे अधिक पीड़ा झेल रहे हैं। शरणार्थियों की भीड़, विस्थापितों के आँसू और टूटे हुए घर-परिवार इस बात का सबूत हैं कि युद्ध और आतंकवाद किसी भी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि और बड़ी समस्या पैदा करते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना ही इसी उद्देश्य से हुई थी कि विश्व में शांति और सहयोग कायम हो। इसी क्रम में 1981 में महासभा ने 21 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस घोषित किया, ताकि पूरी दुनिया को यह याद दिलाया जा सके कि युद्धविराम, संवाद और अहिंसा ही मानव सभ्यता की रक्षा कर सकते हैं। इस दिन संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में शांति की घंटी बजाई जाती है, जो यह प्रतीक है कि जब तक धरती पर शांति नहीं होगी, तब तक जीवन सुरक्षित नहीं हो सकता।

आज विज्ञान और तकनीक ने मानव को अभूतपूर्व शक्ति और संसाधन दिए हैं, लेकिन इसके साथ ही भय, हिंसा, तनाव और असुरक्षा भी बढ़ी है। परमाणु हथियारों की दौड़ ने धरती को विनाश के कगार पर ला खड़ा किया है। आर्थिक असमानताएँ और संसाधनों की होड़ युद्धों और संघर्षों को जन्म दे रही हैं। जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय संकट नए विवादों एवं संकटों को जन्म दे रहे हैं। इस पृष्ठभूमि में अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस केवल एक औपचारिक अवसर नहीं, बल्कि एक चेतावनी और आह्वान है। यह हमें सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम हिंसा और युद्ध की संस्कृति से ऊपर उठकर शांति, संवाद और सहयोग की संस्कृति को स्थापित कर सकते हैं, क्या हम धर्म, जाति और राजनीति की संकीर्णताओं से निकलकर एक वैश्विक परिवार के रूप में जी सकते हैं, क्या हम शिक्षा, करुणा और अहिंसा को अपने जीवन और समाज का आधार बना सकते हैं। विश्व शांति की दिशा में भारत का योगदान हमेशा से उल्लेखनीय रहा है और वर्तमान समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बार-बार वसुधैव कुटुंबकम और एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का संदेश देकर मानवता को एक साझा परिवार के रूप में देखने की दृष्टि दी है। संयुक्त राष्ट्र और जी-20 जैसे वैश्विक मंचों पर मोदी ने संवाद, कूटनीति, अहिंसा और सहअस्तित्व को संघर्ष और युद्ध से बेहतर विकल्प बताया है। भारत के नेतृत्व में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान शांति और सतत विकास के एजेंडे को प्राथमिकता दी गई। आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक सहयोग, योग को विश्व स्तर पर शांति और मानसिक संतुलन का साधन बनाना, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन दुनियाभर विश्व अहिंसा दिवस मनाने जैसे प्रयास भी विश्व शांति को दीर्घकालिक आधार प्रदान करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी का यह मानना है कि शांति केवल संघर्षों की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि न्याय, समानता और सहयोग की उपस्थिति है। उनके नेतृत्व में भारत विश्व को न केवल आर्थिक और राजनीतिक सहयोग दे रहा है, बल्कि नैतिकता, अहिंसा, योग और सांस्कृतिक रूप से भी शांति की राह दिखा रहा है।

महात्मा गांधी ने कहा था-शांति का कोई रास्ता नहीं, शांति ही रास्ता है। गांधी का यह विचार आज और भी प्रासंगिक प्रतीत होता है। नेल्सन मंडेला ने भी कहा था-शांति का निर्माण हथियारों से नहीं, बल्कि आपसी विश्वास और मेल-जोल से होता है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस बार-बार यह चेतावनी देते रहे हैं कि दुनिया को हथियारों की नहीं, बल्कि कूटनीति और संवाद की आवश्यकता है। शांति केवल एक आदर्श नहीं, यह सभी के जीवन और विकास का अधिकार है। महात्मा गांधी ने जिस अहिंसा और सत्याग्रह का मार्ग दिखाया, वह आज भी वैश्विक शांति की सबसे बड़ी आशा है। स्वामी विवेकानंद ने भी विश्व धर्म महासभा में यह संदेश दिया था कि समस्त धर्म मानवता को जोडने के लिए हैं, बाँटने के लिए नहीं। आज संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में भारत की भूमिका सबसे बड़ी एवं महत्वपूर्ण है, भारतीय सैनिक और अधिकारी अनेक देशों में जाकर शांति स्थापना के मिशनों में सक्रिय योगदान दे रहे हैं। भारत ने न केवल सिद्धांतों से बल्कि व्यवहार में भी यह दिखाया है कि शांति उसका मूल आदर्श है। इन विचारों और योगदानों की गूंज आज के समय में हमें सचेत करती है। अगर मानवता को बचाना है तो युद्ध, आतंकवाद और हिंसा को छोडक़र केवल शांति को अपनाना होगा। जब व्यक्ति, समाज और राष्ट्र स्तर पर शांति की चेतना जागेगी तभी सभ्यता का भविष्य सुरक्षित हो सकेगा। अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस हमें यही प्रेरणा देता है कि हम सहअस्तित्व, करुणा और संवाद की राह पर चलें और पूरी दुनिया को भय और हिंसा से मुक्त करके एक शांति और समरसता से भरा वैश्विक परिवार बनाएं।

# शरणार्थियों के स्वागत का निर्णय आज जर्मनी की सबसे बड़ी समस्या बन गया है



रामस्वरूप रावतसरे

*कई बार ऐसा होता है कि सदियों से चली आ रही चीजें महज कुछ वर्षों में पूरी तरह बदल जाती हैं। आमतौर पर हम बेहद तेज गति से हुए ऐसे बदलावों की उम्मीद नहीं करते हैं। लेकिन, चाहे-अनचाहे ऐसा हो जाता है।*

जर्मनी पहले और द्वितीय विश्वयुद्ध के समय यह देश दुनिया के बेताज बादशाह था। उसके बाद के दिनों में भी यह यूरोप की एक सबसे बड़ी ताकत थी। लेकिन बीते एक दशक में यहां बहुत कुछ बदला है। कई बार ऐसा होता है कि सदियों से चली आ रही चीजें महज कुछ वर्षों में पूरी तरह बदल जाती हैं। आमतौर पर हम बेहद तेज गति से हुए ऐसे बदलावों की उम्मीद नहीं करते हैं। लेकिन, चाहे-अनचाहे ऐसा हो जाता है। कुछ ऐसा ही हुआ है दुनिया के एक बड़े मुल्क के साथ। यह ऐसा मुल्क है जिसकी कभी पूरी दुनिया में तूती बोलती थी। लेकिन, बीते एक दशक में इस देश में भयंकर रूप से बदलाव हुआ है।यहां अचानक से इस्लाम मानने वाले मुस्लिम आबादी में भयंकर रूप से इजाफा हुआ है। दरअसल, 10 साल पहले 2015 में जर्मनी ने एक ऐतिहासिक निर्णय लिया था, जब तत्कालीन चांसलर एंजेला मर्केल ने सीरिया, अफगानिस्तान और इराक जैसे युद्धग्रस्त और आर्थिक रूप से अस्थिर देशों से आने वाले लाखों शरणार्थियों के लिए अपने देश के दरवाजे खोल दिए। मर्केल का यह कदम स्वागत संस्कृति के रूप में जाना गया, उस समय वैश्विक सुर्खियों में छाया रहा। लेकिन महज एक दशक बाद इस निर्णय का प्रभाव जर्मनी के सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक ताने-बाने पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। इससे जर्मनी की राजनीति और सामाजिक धारणाओं को नया आकार मिला है। वर्ष 2015 में जब सीरिया में गृहयुद्ध अपने चरम पर था और अफगानिस्तान व इराक जैसे देश हिंसा और अस्थिरता से जूझ रहे थे तब लाखों लोग सुरक्षित आश्रय की तलाश में यूरोप की ओर बढ़े। यूरोप में जर्मनी एक ऐसा मुल्क है जो आर्थिक रूप से स्थिर और समृद्धि है। यह देश इन शरणार्थियों का प्रमुख गंतव्य बन गया. 2015 और 2016 में जर्मनी में 11.64 लाख लोगों ने पहली बार शरण के लिए आवेदन किया। इसमें से अधिकांश सीरिया, अफगानिस्तान और इराक से थे। 2015 से 2024 तक यानी नौ वर्षों में कुल 26 लाख आवेदन आए। इस तरह जर्मनी यूरोपीय संघ में ऐसे आवेदन हासिल करने वाला शीर्ष देश बन गया। मर्केल ने यह निर्णय मानवीय आधार पर लिया था, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि यह व्यावहारिकता से भी प्रेरित था। अमेरिका समाचार चैनल सीसीएनएन ने इसको लेकर एक डिटेल रिपोर्ट छापी है। सीएनएन से बातचीत में हिल्डेशाइम विश्वविद्यालय के प्रोफेसर हानेस शमैन ने कहा- मर्केल का उद्देश्य यूरोपीय शरण प्रणाली को स्थिर करना था, क्योंकि अन्य यूरोपीय देश इस संकट से निपटने के लिए तैयार नहीं थे। हालांकि, इस निर्णय ने जर्मनी के सामने अप्रत्याशित चुनौतियां पैदा कर दी है। जर्मनी में एक दशक में करीब दो करोड़ लोगों ने शरण के लिए आवेदन किया बताया जा रहा है। 2015 में जर्मनी के लोगों ने शरणार्थियों का स्वागत गर्मजोशी से किया. म्यूनिख में स्थानीय लोग शरणार्थियों को भोजन और पानी बांटने के लिए सडक़ों पर उतरे. अनस मोदमानी जैसे शरणार्थी जो 17 साल की उम्र में सीरिया से भागकर जर्मनी पहुंचे, इसे अपने जीवन का सबसे अच्छा पल बताया। लेकिन यह स्वागत संस्कृति ज्यादा समय तक नहीं टिकी।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



एडवोकेट,खिल्लीमल जैन
(पूर्व आयुक्त, व्यिांगजन)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं श्री खिल्ली मल जैन एडवोकेट 3 जुलाई, सन 1949 को जन्में खिल्ली मल जैन समाज की एक जानी मानी हस्ती हैं। राजस्थान विश्वविद्यालय से बी.कॉम. 1971, एलएलबी. 1974, डीएलएल 1980 में करने के बाद समाज व लोगों की सेवा में अनेकों केस लडकर उन्हे न्याय दिलाया। इन्हें पिछले 48 वर्षों से सिविल, श्रम, उपभोक्ता ,फौजदारी लोक अदालत और विधिक सहायता में वकालत का अनुभव है। आयुक्त, दिव्यांगजन राजस्थान सरकार (राज्य मंत्री का दर्जा) दिनांक 15 मार्च 2014 से। 5 जुलाई 2007 से पद पर रहते हुए राजस्थान में पंचायत समिति स्तर पर 226 शिविर और जिला स्तर पर 35 मोबाइल कोर्ट आयोजित करके लगभग 85,000 दिव्यांगजनों की सेवा की है और जिला स्तरीय शिविरों में रोजगार मेले का आयोजन करके राजस्थान सरकार और निजी क्षेत्र के विभिन्न विभागों में 20,000 से अधिक दिव्यांगजनों की नियुक्ति करवाई है। दिव्यांगजन समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी अधिनियम 1995 को देश में प्रस्तुत करने और लागू करने के लिए सभी राज्य आयुक्तों की 8वीं वार्षिक बैठक में, मु य दिव्यांगजन आयुक्त, भारत सरकारए नई दिल्ली द्वारा राजस्थान को तीसरा स्थान दिया गया। 1984 से 1988 तक अध्यक्ष श्री आदिनाथ जैन शिक्षण संस्थान, अलवर श्री जैन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, अलवर जैन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, अलवरए,जैन उच्च प्राथमिक विद्यालय, अलवर का नियंत्रण और जैन टी.टी. महाविद्यालय के भवन निर्माण हेतु यूआईटी अलवर से 16993 वर्ग मीटर भूमि प्राप्त की और वर्तमान में श्री जैन टी.टी महाविद्यालय, श्री आदिनाथ वाणिज्य महाविद्यालय और आदिनाथ पब्लिक स्कूल गांधी नगर, स्कीम सं या 8, अलवर परिसर में संचालित हो रहे हैं।

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# प्रेगनेंसी में ये 5 फूड्स न खाए तो बेबी का ब्रेन डेवलपमेंट रह सकता है अधूरा!

गर्भावस्था हर महिला के जीवन का सबसे अहम और नाजुक समय होता है। हर महिला की इच्छा होती है कि उसे मां बनने का सौभाग्य प्राप्त हो। जब महिला गर्भवती होती है तो इस दौरान उन्हें अपना खास ध्यान रखने की जरूरत होती है क्योंकि इस दौरान मां जो भी खाती है, उसका सीधा असर होने वाले बच्चे की ग्रोथ और हेल्थ पर पड़ता है। खासतौर पर बेबी का ब्रेन और स्पाइनल कॉर्ड का विकास पूरी तरह मां की डाइट पर निर्भर करता है। अगर इस समय जरूरी पोषक तत्व शरीर को न मिलें, तो बच्चे के दिमागी विकास पर असर पड़ सकता है। यही वजह है कि प्रेगनेंसी के दौरान सही और संतुलित आहार लेना बेहद जरूरी है।

**1. अंडे के साथ खाएं ये चीजें**

अंडों में कोलीन होता है, जो बच्चे के ब्रेन डेवलपमेंट के लिए बहुत फायदेमंद है। इसके अलावा सोयाबीन, टोफू, पनीर ब्रोकली और पीनट्स खाने चाहिए।

**2. हरी सब्जियां**

गर्भवती महिलाओं के लिए हरी सब्जियां जैसे पालक, मेथी बीन, ब्रोकली, पत्ता गोभी, लौकी, खीरा आदि। इनमें भरपूर मात्रा में फाइबर होता है और फोलेट व आयरन की भी प्रचुर मात्रा पाई जाती है। बच्चे के ब्रेन ग्रोथ और स्पाइनल कॉर्ड के लिए डाइट में ये जरूर शामिल करें।

3. अखरोट और बादाम खाने चाहिए

प्रेग्नेंट महिलाओं को अपने पेट में पल रहे बच्चे के लिए अपने खानपान पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है। जरूरी है कि बच्चा सेहतमंद और बेहतर ब्रेन ग्रोथ वाला हो। इसके लिए अपनी डाइट में अखरोट और बादाम को जरूर शामिल करें।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप किसी नए काम की शुरुआत करने की योजना बनाएंगे। आप किसी के कहने में आकर किसी भी वजह के काम में ना पड़ें।

**वृष**

आज का दिन आपके लिए किसी नए वाहन की खरीदारी के लिए अच्छा रहेगा। व्यापार में भी आपको अच्छा लाभ मिलेगा। यदि आपको कोई परिवार में कोई कलह लंबे समय से पैर पसारे हुए थी।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आपको अपने खर्चो को थोड़ा कंट्रोल करने की आवश्यकता है। परिवार में कोई सदस्य यदि आपसे कोई सलाह मांगे, तो आपको उनकी बातों पर ध्यान देना होगा।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए निवेश संबंधी मामलों में अच्छा रहने वाला है, लेकिन आपको कोई हानि होने की संभावना है, इसलिए आप अपनी योजनाओं पर पूरा ध्यान लगाएं।

**सिंह**

आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। आपको किसी दूसरे के मामलों में बेवजह बोलने से बचना होगा। आप अपने घर किसी पूजा-पाठ का आयोजन कर सकते हैं।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए खर्चो से भरा रहने वाला है। आपको कोई आंखों से संबंधित समस्या हो सकती है। आपको घर परिवार में किसी सदस्य की कोई बात बुरी लग सकती है। आपकी कोई छुपा हुआ।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए इनकम के मामले में कमजोर रहेगा। उतार-चढ़ाव रहने से आपका मन परेशान रहेगा। आप किसी नए घर का काम शुरू कर सकते हैं। यदि आप किसी यात्रा पर जाएंगे, तो उसमें आपकी कोई प्रिय वस्तु खोने व चोरी होने की संभावना है।

**वृश्चिक**

आज आपको अपने स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान देना होगा, तो आप कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामले में आप अपने आंख और कान खुले रखें और किसी से बेवजह वाद विवाद में ना पड़ें।

**धनु**

आपको अपनी मेहनत के अनुसार अच्छा परिणाम मिलेगा। व्यवसाय में बदलाव से जुड़ी जो योजनाएं बनी हैं, उन पर पूरा ध्यान दें, यह बदलाव आपके लिए नई उपलब्धियां लाएगा। ऑफिस में कोई समस्या आने पर उच्च अधिकारियों की मदद जरूर लें।

**मकर**

आज आपको किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखना होगा। व्यापार में भी आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आपको कोई प्रिय वस्तु उपहार स्वरूप प्राप्त हो सकती है, जो आपके लिए अच्छी रहेगी।

**कुंभ**

आज के दिन नौकरी में कार्यरत लोगों को कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आप किसी विरोधी के बातों में ना आएं। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को थोड़ा सोच समझकर निवेश करने की आवश्यकता है।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य मामलों में कमजोर रहने वाला है। आपके विरोधी कार्यक्षेत्र में आपको मात देने की कोशिश करेंगे, लेकिन आपको वाहनों का प्रयोग थोड़ा सोच समझकर करना होगा।

## नीट-जी छात्रों का सीबीएसई में डमी एडमिशन, अब जांच करेगी एसआईटी

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर / जयपुर(राकेश शर्मा)।** राजस्थान के कई स्कूलों में डमी एडमिशन सिस्टम बना हुआ है। वहीं अब इसे हाईकोर्ट ने शिक्षा व्यवस्था पर धब्बा करार दिया है। कोटा के दो निजी स्कूलों की याचिका पर सुनवाई के दौरान जस्टिस अनूप ढंढ़ ने यह तल्ख टिप्पणी की। कोर्ट ने सीबीएसई, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और राज्य सरकार को विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित कर इस मामले की गहन जांच के आदेश दिए हैं।

**कोचिंग और स्कूलों की मिलीभगत:** हाईकोर्ट ने कहा कि कोचिंग संस्थान और स्कूल मिलकर डमी एडमिशन का खेल चला रहे हैं। कई स्कूल 9वीं से 12वीं कक्षा के छात्रों को डमी प्रवेश देते हैं। ये छात्र स्कूल के समय में कोचिंग सेंटरों में नीट और जेईई की तैयारी करते हैं। कोर्ट ने सरकार को स्कूलों और कोचिंग सेंटरों में अचानक निरीक्षण करने का निर्देश दिया। अगर कोई छात्र स्कूल में अनुपस्थित पाया जाता है और उसी समय कोचिंग में पढ़ रहा हो तो दोनों संस्थानों पर सख्त कार्रवाई की जाए!

**अभिभावकों को भी ठहराया जिम्मेदार:** अदालत ने अभिभावकों को भी आड़े हाथों लिया। कोर्ट ने कहा कि माता-पिता की सहमति से ही यह गलत व्यवस्था चल रही है। शिक्षा अब केवल कमाई का जरिया बन गई है। हाईकोर्ट ने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों पर डॉक्टर या इंजीनियर बनने का दबाव न डालें। बच्चों को अपनी पसंद का करियर चुनने की आजादी मिलनी चाहिए। कोर्ट ने यह भी बताया कि नीट और जेईई की सीटें सीमित हैं, जबकि तैयारी करने वाले छात्रों की संख्या कहीं ज्यादा है।

**यह है मामला:** कोटा के एलबीएस कान्वेंट स्कूल और दी लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल में सीबीएसई के निरीक्षण में डमी छात्रों के प्रवेश और रिकॉर्ड में गड़बड़ी पाई गई थी। इसके चलते सीबीएसई ने दोनों स्कूलों की सीनियर सेकेंडरी मान्यता एक साल के लिए रद्द कर दी थी। इस फैसले के खिलाफ स्कूलों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिस पर यह सख्त रुख अपनाया गया।

## महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र बिश्नोई की स्थगित जनसुनवाई स्थगित अब 25 सितम्बर को

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा)।** महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज श्री कैलाश चन्द्र बिश्नोई की अध्यक्षता में 19 सितम्बर को को प्रस्तावित अपराध गोष्ठी (जिला मुख्यालय) एवं जनसुनवाई (थाना मानटाऊन) का कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गई। अब 25 सितंबर (गुरुवार) को अपरान्ह 3 बजे से सांय 5 बजे तक वृत क्षेत्र सवाई माधोपुर के थानों के परिवादियों की जनसुनवाई पुलिस थाना मानटाउन सवाई माधोपुर में आयोजित की जाएगी। परिवादियों एवं आमजन से सहयोग की अपेक्षा है।

## मारपीट के विरोध में ग्राम विकास अधिकारियों ने दिया धरना



बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** निवाई सदर थाना में सेदरिया ग्राम विकास अधिकारी के साथ मारपीट करने व राज कार्य बाधा उत्पन्न करने के मामले को लेकर आक्रोशित ग्राम विकास अधिकारियों ने पंचायत समिति में सामूहिक अवकाश पर रहकर धरना प्रदर्शन किया। ग्राम विकास अधिकारी संघ के अध्यक्ष विनोदकुमार जैन ने बताया कि ग्राम पंचायत सेदरिया के ग्राम विकास अधिकारी गजानंद यादव 17 सितंबर को राजस्व ग्राम भगत रामपुर में रास्ते की मौका स्थिति देखने के लिए तहसीलदार नरेश गुर्जर, भू अभिलेख निरीक्षक व हल्का पटवारी घनश्याम शर्मा के साथ मौका मुआयना कर रहे थे। इसी दौरान स्थानीय महिला गडूली देवी पत्नी गोपी सिंह गुर्जर द्वारा मारपीट की गई व राज कार्य में बाधा उत्पन्न की। मारपीट के प्रकरण को लेकर राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ की ओर से एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। इसको लेकर सभी ग्राम सेवकों ने एक दिन का सामूहिक अवकाश रखकर पंचायत समिति परिसर में धरना दिया। इस दौरान अध्यक्ष विनोद जैन, रमेश मीणा, मोहनलाल गुर्जर,रामबाबू शर्मा, सियाराम मीणा, चिरंजीलाल सैनी, मुकेश मीणा, राजनीति बैरवा, ओमा शंकर गुप्ता, दुर्गेश शर्मा, निकिता जैन, राधा कृष्ण बैरवा, अरविंद जैन, गजानन यादव व राकेश बैरवा सहित सभी ग्राम विकास अधिकारी मौजूद थे।

## फर्जी दस्तावेज तैयार करने के आरोप में एक आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**निवाई(का.स.)।** निवाई थाना पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर एवं फर्जी आदमी बनकर ट्रैक्टर खरीदने वाला एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि नन्दसिंह पुत्र ईश्वरसिंह निवासी चतुर्भुजपुरा ने मामला दर्ज करवाया था कि आरोपी भीमराज पुत्र नाथूलाल मीणा निवासी धन्ना फेली की ढाणी मण्डावरी जिला दौसा द्वारा राजेश पुत्र भरतलाल मीणा निवासी मीणा कॉलोनी सवाईमाधोपुर के नाम से फर्जी दस्तावेज बनाकर उसके ट्रैक्टर को खरीदने के सम्बन्ध में इस्गासा के जरीए मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने टीम गठित की। टीम में पुलिस सहायक उपनिरीक्षक भारती, हेड कानि जीतपाल, देवराज, मुकेश व राधाकिशन को शामिल किया गया। आरोपी भीमराज मीणा को गिरफ्तार किया है।

## कांग्रेस के मंच पर कांग्रेस विरोधियों की मौजूदगी रही चर्चा का विषय

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शुक्रवार को वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के अन्तर्गत सभा के बाद व्यास सर्किल पर विरोध प्रदर्शन किया गया। मेश सेवा सदन में आयोजित सभा में विधानसभा चुनावो में प्रत्याशी रहे घासीलाल के अलवा जिला जिला प्रभारी सुनील पारवानी, विधानसभा प्रभारी सुशील पारीक, जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, ब्लाक अध्यक्ष गोगाराम जाट, पूर्व चेयरमेन आशा नामा, डीआर छोगालाल गुर्जर, पूर्व डीआर किशनलाल फगोडिया, जिला उपाध्यक्ष अवधेश शर्मा, भंवरलाल मुवाल, एडवोकेट प्रेमप्रकाश सैनी, उपप्रधान मूलशंकर शर्मा कैलाश बैरवा ने भी विचार प्रकट किए।

### टीएसएल कम्पनी के जिला प्रतिनिधि मनोज शर्मा की ओर से थाना मालपुरा में दर्ज कराई रिपोर्ट

# बहुचर्चित एटीएम उखाडऩे के मामले में पुलिस ने शातिर गेंग के 4 आरोपियो को गिरफ्तार किया, पांच अन्य की तलाश जारी

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा जयपुर रोड पर 15 - 16 अगस्त की रात्रि में स्टेट बैंक आफ इण्डिया के एटीएम को उखाडऩे के मामले में पुलिस ने शातिर गेंग के चार आरोपितो को गिरफ्तार किया है। मामले के अन्य 5 आरोपियो की तलाश जारी है।

इस मामले का खुलासा बीति देर रात्रि पुलिस थाना परिसर में पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा ने एएसटी मोटाराम, डीवाईएसपी आशिष प्रजापत व थानाधिकारी चेनाराम बेड़ा सहित इस मामले को खुलासा करने में कड़ी महेनत करने वाले 23 सदस्यो के पुलिस अधिकारियो व जवानो की मौजूदगी में किया। एसपी मीणा ने बताया कि इस मामले को लेकर एटीएम को संचालित करने वाली टीएसएल कम्पनी के जिला प्रतिनिधि मनोज शर्मा की ओर से पुलिस थाना मालपुरा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। मामला दर्ज होने के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष दल का गठन किया गया। गठित दल ने 500 से अधिक सीसीटीवी फुटेज को खंगालने व पूर्व में इसी प्रकार की वारदातो को अंजाम देने के तरीको की जांच की गई। मामले की तह तक पहुंचने के लिए विशेष दल ने आधुनिक दूरसंचार तकनीक का प्रयोग कर मुलजिमो तक पहुंचने में सफलता प्राप्त की।

एसपी मीणा ने बताया कि पुलिस ने अभी तक इस मामले में गौरव दौरिया पुत्र बाबूलाल जागा उम्र 29 साल निवासी रेणी थाना रेणी जिला अलवी हाल निवासी मीणा पारली पुलिस थाना मीणा पारली जिला जयपुर व प्रतापनगर जयपुर , महेन्द्र मीणा पुत्र रामखिलाड़ी मीणा उम्र 27 साल निवासी मुकंदपुरा पुलिस थाना रेणी जिला अलवर हाल विासी एनआइआई चौराहा जगतपुरा जयपुर, सोनू सिंह पुत्र विजयसिंह राजपूत उम्र 29 साल निवासी शिवाजी पार्क खारबास कच्ची बस्ती अलवर तथा शिवम पुत्र गिर्राज सिंह राजपूत निवासी गुढ़ा कटला थाना बसवा जिला दौसा हाल प्रतापनगर जयपुंर सहित चार आरोपियो को गिरफ्तार किया जा चुका है। इन आरोपियो से चुराई एटीएम मशीन रैणी थाना रैणी जिला अलवर के पास एक कुए से बरामद की है ।

मामले के गिरफ्तार आरोपियो ने अपने अन्य साथी लोकेन्द्र सिंह, अजय, अंकित, योगेश सैनी एवं राकेश के साथ मिलकर 11 व 12 सितम्बर की मध्य रात्रि को रूपनगढ़ रोड गांधीनगर पुलिस थाना गांधीनगर थाना जिला अजमेर से एसबीआई के बैंक एटीएक को सुरक्षा कर्मी के साथर मारपीट कर व उसके हाथ बांध एटीएम को काले रंग स्कार्पियो के पीछे रस्से से बांध कर उखाड़ कर लूट की वारदात को स्वीकार किया है। एसपी मीणा ने बताया कि इस बहुचर्चित मामले के अन्य पांच आरोपियो की सरगर्मी से तलाश जारी है। अंत एसपी मीणा ने विशेष दल के सभी सदस्यो से मिलकर होसला बढ़ाया।

गठित दल के सदस्य :- इस मामले का खुलासा करने के लिए एसपी राजेश मीणा के निर्देशानुसार, एएसपी मोटाराम के आदेशानुसार तथा डीवाईएसपी आशिष प्रजापत के निर्देशन में थानाधिकारी मालपुरा चेनाराम बेड़ा के नेतृत्व में उप निरीक्षक जतन चौधरी, सहायक उप निरीक्षक गिरिराज, हेड कांस्टेबल कैलाशचन्द, व कांस्टेबल रमेशचन्द, सीताराम, हरिराम, कपिल, मेहराम, हनुमान, त्रिलोक, मुनीम, गंगदेव, प्रहलाद, मुकेश, रामचरण, गोविन्द, हनुमान, नारायण, विक्रान्त, रामराज, साजिद व सुरेश चांवला सहित 23 को शामिल किया गया था।

## शिविर के माध्यम से हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे- परनामी



बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिले में चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत शहरी और ग्रामीण शिविर के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी ने आज जिला कार्यालय पर संगठनात्मक बैठक ली ।

जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शिविर का लाभ आमजन तक अधिक से अधिक पहुंचे और प्रभावी ढंग से समस्याओं का निस्तारण हो उसके लिए चर्चा हुई । पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि शहरी और ग्रामीण शिविर आयोजित करने के लिए हमारी सरकार की मंशा स्पष्ट है कि शिविर के माध्यम से हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे । जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने भी बैठक को संबोधित किया! बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रेमप्रकाश शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग लाल जाट, सुरेश जैन, डॉ भरतलाल मथुरिया, जिला महामंत्री एवं सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के संयोजक विनोद अटल, जिला महामंत्री जगदीश अग्रवाल, बाबूलाल मीणा, जिला उपाध्यक्ष लालचंद गौतम, सत्यनारायण धाकड़ एवं प्रधान मंजू गुर्जर मंचासीन रहे ।

बैठक में अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन और आयोजन पर विशेष चर्चा कर कार्ययोजना तैयार की गई ।इसके बाद भाजपा परनामी ने नगर परिषद सवाई माधोपुर में शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण कर शिविर में बेहतर सेवाएं प्रदान कर आमजन को राहत देने के लिए नगर परिषद अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष हरिओम गर्ग, उदय सिंह गुर्जर, मीरा सैनी, जिला मंत्री गंगाशंकर गौतम, हरफूल मरमट, कोषाध्यक्ष दीनदयाल अग्रवाल, मोर्चा के जिला संयोजक जमनालाल वैष्णव, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष बनवारी जाट, पूर्व जिला प्रमुख पृथ्वीराज मीणा, पूर्व सभापति कमलेश जैलिया, मंडल अध्यक्ष रितेश भारद्वाज, कपिल जैन, अशोकराज मीणा, मनीष गोयल, श्रीचंद सैनी, मनराज गुर्जर, सुनीता वैष्णव, गंगापुर महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष राधा दीक्षित, सोशल मीडिया संयोजक सारांश जैन, सहसंयोजक मेहनाज पटेल, कार्यालय मंत्री मुकेश शर्मा, पार्षद ओमी कटारिया, हरचरण सिंह, बनवारी बंसल, सीताराम गुर्जर, ओमप्रकाश शर्मा,संतोष मथुरिया, कृष्णा गुप्ता, आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुनि धर्म का पालन करके ही सिद्ध अवस्था तक पहुंचा जा सकता है- आचार्य वर्धमान सागर महाराज



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** मुनि श्री चिन्मय सागरजी के 16 सितंबर को उत्कृष्ट समाधि मरण के बाद आचार्य वर्धमान सागर महाराज संघ सहित वैराग्य दर्शन समाधि स्थल गए जहां संघ ने परिक्रमा लगाकर भक्ति पाठ किया ।इस अवसर पर काफी संख्या में भक्त भी मौजूद थे। आचार्य श्री ने कहा कि मिथ्यात्व हटाने पर ही सम्यक दर्शन प्राप्त होता है। मुनि धर्म धारण करके 14वें गुणस्थान तक पहुंचकर आगे शुक्ल ध्यान हटाने का पुरुषार्थ करना होता है। संसार में भ्रमण मिथ्यात्व के कारण होता है।

आचार्य श्री ने कहा कि सभी श्रावको को भगवान बनने के लिए सर्वप्रथम मुनि व्रत धारण करना होगा ,परिणाम में बहुत अधिक निर्मलता लाने का पुरुषार्थ करना होगा। मुनि भी पुरुषार्थ कर छपक श्रेणी पर आरोहण करते हुए क्रम से कर्मों की निर्जरा करते हैं ।14वें गुणस्थान तक मुनि पहुंचते हैं तब शुक्ल ध्यान शेष रहता है तब तप करने से कर्मों की निर्जरा होती है इसलिए सभी को नवीन कर्मों का आश्रव नहीं करना चाहिए। कर्मों के कारण ही विपत्ति और दुख का कारण राग द्वेष होता है।

सिद्ध भी पहले संसारी व्यक्ति होते हैं ।कर्मों की निर्जरा पुरुषार्थ से करना होगी आचार्य श्री ने कहा कि नवीन कर्मों का आश्रव रोक कर संवर करना होगा और पुरुषार्थ कर्मों की निर्जरा करने से सिद्धालय की राह पर आगे बढ़ सकते हैं। आचार्य श्री ने बताया कि जिनवाणी हमें मुक्ति मार्ग बताती है आप लोग अनेक गतियों में घूम-घूम कर मोक्ष जाने की राह भूल गए हैं ।संसारी प्राणी भूल बढ़ाते जाता है, दर्शन, अभिषेक ,पूजा विधान से भूल सुधारने का अवसर मिलता है। मिथ्यात्व को हटाकर ही सम्यक दर्शन प्राप्त किया जा सकता है ।आचार्य श्री ने बताया कि मिथ्यात्व हटाने के लिए देव शास्त्र गुरु के प्रति भक्ति निर्मल परिणाम गुणों से करना चाहिए इसके लिए परिणाम में विशुद्धता लाना चाहिए।

पूजन की मंगल आराधना से पापों का क्षय होता है कर्मों की निर्जरा होती है इसलिए सम्यक दर्शन मजबूत रहना चाहिए उसमे श्रद्धा कम नहीं होना चाहिए । दर्शन पूजन सम्यक दर्शन प्राप्ति का कारण है।

समाज के प्रवक्ता पवन कंटान एवं विकास जागीरदार ने बताया कि प्रतिदिन आचार्य वर्धमान सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में प्रातः काल की बेला में अभिषेक एवं शांतिधारा के पश्चात मंगल प्रवचन आयोजित होते हैं। तत्पश्चात आहार चर्या की क्रिया संपन्न होती हैं।

सायकाल की बेला में आचार्य की आरती, गुरु भक्ति,शास्त्रसभा का आयोजन प्रतिदिन हो रहा है उन सभी कार्यक्रमों में काफी संख्या में श्रद्धालू मौजूद थे।

### मंगला पशु बीमा योजना में 8 लाभार्थियों को लाभान्वित किया

# जिला प्रमुख सरोज बसंल ने सेवा पर्व पखवाड़ा अन्तर्गत ग्रामीण सेवा शिविर में लाभार्थियों को पट्टा वितरण किया

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.)।** जिला प्रमुख सरोज बसंल ने पंचातय समिति टोंक में ग्राम पंचायत छान एवं भरनी में सेवा पर्व पखवाडा अन्तर्गत ग्रामीण सेवा शिविर का शुभारंभ किया ।जिला प्रमुख सरोज बसंल ने ग्रामीणों से कहा कि अपने नामान्तकरण में शुद्धिकरण, बटवारा नामा नामान्तकरण, मूलनिवास,जाति प्रमाण पत्र, गैर खातेदारी से खातेदारी प्रकरण खाध विभाग के राशनकार्ड, खाध सुरक्षा, सामाजिक पेशन, आधार कार्ड बनवाना आदि कार्या के लिए तहसील या उपखण्ड मुख्यालय पर जाना होता है जिससे आमजन का समय एवं पैसा खर्च होता है। ग्रामीणों की इन समस्याओं को देखते हुए इस शिविर में सभी कार्य किये जायेगें जो एक ही छत के नीचे सभी कार्य हो।

जिला प्रमुख सरोज बसंल ने कहा कि शिविर में राजस्व, गामीण विकास, पंचायती राज, वन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पशुपालन, उर्जा, कृषि, आयोजना, जिला अग्रणी बैंक, जनजातीय एवं क्षेत्री विकास,खाद्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास, श्रम, आपदा प्रबन्धन एवं सहायता एवं जन संसाधान विभाग से संबंधित समस्त कार्य किये जा रहे है। शिविर में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन से प्राप्त प्रार्थना पत्र अभ्यावेदनों को शिविर में ही निस्तारण करे ताकि परिवादी को लाभ मिल सके। शिविर प्रभारी मानवेन्द्र जायसवाल तहसीलदार टोंक ने बताया कि ग्राम पंचायत छान द्वारा शिविर में 30 पट्टे दिये गये, राजस्व विभाग द्वारा 5 बटवारा नामा प्रकरणों का निस्तारण किया गया। पशुपालन विभाग की मंगला पशु बीमा योजना में 8 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। जिला प्रमुख सरोज बसंल द्वारा कैम्प में उपस्थित मुकेश बैरवा, धर्मलाल गुर्जर, बन्नालाल बैरवा, ममता पाचांल को पट्टा वितरण एवं बजरंग जाट, गीता देवी सैनी, प्रेम देवी जाट, रतनी चौधरी, लादू जाट का बटवारा नामा आदेश तथा मंजू कंवर, लाली देवी माली, सीता देवी, विमला देवी, बरजी, कमला देवी ,रीना देवी, तारा देवी को मंगला पशु बीमा योजना के पत्र वितरित किये गये।

शिविर प्रभारी सविता राठौड विकास अधिकारी पंचायत टोंक ने बताया कि ग्राम पंचायत भरनी द्वारा शिविर में 26 पट्टे दिये गये। जिला प्रमुख सरोज बसंल द्वारा कैम्प में उपस्थित प्रधान मीणा, रामसिंह मीणा, प्रभुलाल बैरवा, कमलेश देवी मीणा, मेवाराम कीर, रामस्वरूप मीना, बनवारी लाल बैरवा, टीना देवी मीणा को पट्टे वितरित किये गये। भरनी कैंप के दौरान जिला प्रमुख एवं अधिकारी गणों द्वारा पौधारोपण किया गया।

शिविर में मानवेन्द्र जायवास तहसीलदार टोंक, सविता राठौड विकास अधिकारी पंचायत समिति, टोंक, पूजा अटल नायब तहसीलदार टोंक, छोटूलाल जाट अतिरिक्त विकास अधिकारी पंचायत समिति टोंक, नन्दलाल जाट मेहन्दवास मण्डल अध्यक्ष एवं अध्यक्ष ग्राम सेवा सहकारी समिति छान भवंरलाल बैरवा प्रशासक ग्राम पंचायत छान, मुकेश मीना प्रशासक ग्राम पंचायत भरनी, बाबूलाल वर्मा ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत छान एवं राधारानी बाबलोत ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत भरनी आदि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के ऋण वितरण में सिरोही सिरमौर

**बढ़ता राजस्थान, सिरोही(नि.स.)।** सिरोही सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक (सीसीबी) की साधारण सभा में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। अध्यक्षता प्रशासक एवं जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने की। बैंक के प्रबंध निदेशक पूनाराम चोयल ने बताया कि सहकार गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के तहत सिरोही पूरे राज्य में प्रथम स्थान पर रहा है। इस योजना में 11 करोड़ के ऋण वितरित किए गए हैं। वहीं, शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर 261.31 करोड़ का अल्पकालीन फसली ऋण वितरण किया गया है। बैंक से संबद्ध ग्राम सेवा सहकारी समितियों, क्रय-विक्रय सहकारी समिति तथा अन्य सहकारी समितियों के विकास पर चर्चा की गई। साथ ही सदस्यों को सहकारी आंदोलन एवं अधिनियमों की जानकारी भी दी गई।

**सामने आई ये समस्याएं :** बैठक में उपस्थित अध्यक्षों ने किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद बीज उपलब्ध कराए जाने का आग्रह किया। साथ ही भारतीय कृषि बीमा कंपनी के प्रतिनिधि को निर्देशित कर अधिकाधिक क्लेम स्वीकृत किए जाने का भी आग्रह किया। जिले की नवीन गठित समितियों के गोदाम एवं कार्यालय के लिए समिति क्षेत्र में भूमि आवंटन की मांग रखी गई।

**प्रतिनिधि व कार्मिक हुए सम्मानित :** जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिनिधियों व कार्मिकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सभा में उप रजिस्ट्रार जयदेव देवल, डबाणी पैक्स अध्यक्ष सुलतानसिंह देवड़ा, वलदरा से नरपतसिंह, वासड़ा से मालसिंह, माण्डवाड़ा देव से अनराज गहलोत, दीपिका सोनी, नवीन पथारिया, गौरव शर्मा, नितिन परमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

## पावटा-प्रागपुरा के छात्रों ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में मचाया धमाल



**बढ़ता राजस्थान, पावटा (नि.स.)।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले में आयोजित 69वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में पावटा-प्रागपुरा के पांच छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 स्वर्ण पदक अपने नाम किए। यह प्रतियोगिता बहरोड़ क्षेत्र के भगवाड़ी खुर्द स्थित जीपीएस स्कूल में आयोजित हुई। अनूप मीना, कोच (आर्य मार्शल आर्ट) ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। पावटा-प्रागपुरा के छात्रों ने अपनी मेहनत और लगन से गोल्ड मेडल जीतकर न केवल अपने विद्यालय बल्कि माता-पिता और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गोल्ड मेडल जीतने वाले छात्र-छात्राओं में अक्षय महावर, देवांस महावर, लखविंदर सिंह, विपिन और उषा शामिल हैं। इन पांचों का चयन अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। प्रागपुरा निवासी रतन लाल महावर ने बताया कि इन छात्रों की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र का मान बढ़ा है। ग्रामीणों और शिक्षकों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य स्तर पर भी ये छात्र उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र और विद्यालय का गौरव बढ़ाएंगे।

## भारत विकास परिषद शाखा ने संस्कृति सप्ताह के तहत आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**बढ़ता राजस्थान, हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** भारत विकास परिषद शाखा द्वारा संस्कृति सप्ताह के तहत मोहन नगर स्थित निर्मला एजुकेशन में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए और गुड टच-बैड टच की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रशिक्षक राम ब्रज ने छात्राओं को आत्मरक्षा का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम प्रभारी मोना मित्तल ने बताया कि यह प्रशिक्षण बालिकाओं को स्वयं की सुरक्षा करने और हर परिस्थिति में सजग रहने की प्रेरणा देता है। शाखा सचिव दीनदयाल सिंहल ने बताया कि कार्यक्रम में कमलेश शर्मा सहित लगभग 788 विद्यार्थी और शिक्षक उपस्थित रहे। इस अवसर पर दो उत्कृष्ट अध्यापकों और दो उत्कृष्ट विद्यार्थियों को रोली-अक्षत तिलक, दुपट्टा ओढ़ाकर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राजो देवी, माया गोयल, पूजा गुप्ता, सुषमा गर्ग, कविता एरेन सहित अनेक परिषद सदस्य उपस्थित रहे। शाखा अध्यक्ष उपेंद्र गुप्ता ने परिषद का संक्षिप्त परिचय देते हुए बताया कि भारत विकास परिषद शिक्षा, संस्कृति, स्वास्थ्य और राष्ट्रप्रेम की दिशा में निरंतर कार्यरत है।

## डॉ भूरसिंह क्यारदा बने हिंडौन के अभाव अभियोग प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष



**बढ़ता राजस्थान, हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ,प्रदेश अध्यक्ष योगिता शर्मा करौली जिला अध्यक्ष रिंकू बिलवाड़ ,अध्यक्ष इंद्राज जाटव,और ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद चौधरी के निर्देशानुसार अभाव अभियोग प्रकोष्ठ राजस्थान प्रदेश कांग्रेस का डॉ भूर सिंह क्यारदा को उपाध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया, जिसमे हिंडौन विधायक अनीता जाटव,राजू चांदन गांव, रघुराज मीना, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश झारेड़ा, दान सिंह खेडिया,करतार पंडापुरा, निहाल भगत मौजूद रहे

## अग्रसेन जयंती पर महासभा द्वारा महाआरती का आयोजन

**बढ़ता राजस्थान, उदयपुर (नि.स.)।** अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा की जिला इकाई एवं महिला प्रकोष्ठ द्वारा भगवान अग्रसेन के जन्मोत्सव के अवसर पर 22 सितंबर, सोमवार को उदयपुर में पूजन और महाआरती का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल और जिला अध्यक्ष सतीश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि लेक गार्डन सोसाइटी में सोसाइटी के अग्र बंधुओं के सहयोग से विशाल महाआरती की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस अवसर पर मातृशक्ति द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी।

## ताइक्वांडो प्रतियोगिता में आराध्या सेन ने जीता गोल्ड मेडल

**बढ़ता राजस्थान, उदयपुर (नि.स.)।** शहर में आयोजित 69वीं



जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में आराध्या सेन ने 68 किग्रा कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीतकर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया। इस उपलब्धि के साथ ही उनका चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी हुआ है।

### पांच दिन में कार्रवाई के आश्वासन पर समाप्त

# मेडिकल स्टोर संचालक पर जानलेवा हमले के विरोध में धरना प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**प्रागपुरा (सुशील कुमार बंसल)।** कस्बे में मेडिकल स्टोर संचालक प्रकाश चन्द यादव पर 17 सितम्बर की रात लगभग 9 बजे हुए जानलेवा हमले के विरोध में पीड़ित पक्ष एवं ग्रामीणों ने शुक्रवार को प्रागपुरा थाने में धरना प्रदर्शन किया। धरनार्थियों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, तथा वारदात में प्रयुक्त हथियार और वाहन जब्त करने की मांग की। पीड़ित प्रकाश चन्द यादव ने आरोप लगाया कि आरोपियों की पहचान होने के बावजूद पुलिस कार्रवाई में देरी कर रही है, जिससे उन्हें व उनके परिवार को खतरा है। उन्होंने पुलिस पर आरोपियों को बचाने की कोशिश का भी आरोप लगाया। धरना प्रदर्शन की सूचना पर पूर्व विधायक इन्द्रराज गुर्जर थाने पहुंचे और धरनार्थियों से वार्ता की। उन्होंने पुलिस को पांच दिन का समय देते हुए सभी आरोपियों की गिरफ्तारी



का आश्वासन दिलाया, जिसके बाद धरना समाप्त किया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस को आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर पीड़ित को न्याय दिलाना चाहिए। पूर्व पार्षद तारा पूतली ने भी पुलिस से सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए कहा कि पुलिस की लेटलतीफी से आरोपियों को बचने का मौका मिल सकता है और पुलिस को अपनी जवाबदेही सुनिश्चित करनी चाहिए। किरण सिंह यादव, थानाधिकारी प्रागपुरा, ने बताया कि तीन व्यक्तियों को डिटेन किया गया है तथा मामले की जांच जारी है। उन्होंने कहा कि पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और छापेमारी की जा रही है। पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया गया है, मजरूब का मेडिकल मुआयना कराया गया है तथा जांच सीसीटीएनएस में दर्ज की गई है। प्रकाश चन्द यादव ने बताया कि हमलावरों ने धारदार हथियारों से हमला किया था, जिसमें हेलमेट पहने होने के बावजूद तलवार उनके सिर तक पहुंच गई और उन्हें 12 टांके आए हैं। इस दौरान हनुमान सहाय यादव, श्रीराम जाट, बंसी मेहरा, सीताराम सिंघल, धर्मपाल यादव, ओपी बायला, सहिद लुहार, विक्रम यादव, मनीष चौधरी, जेपी यादव, सुमेर यादव, कैलाश चंद यादव, गिरधारी लाल, गोविंद कुमावत, निहाल सिंह, सलमान, मनोज सैन, रींकू यादव, शिम्भू दयाल, सुरेश चंद, महेश यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और सभी ने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की।

## गंगापुर की घटना के विरोध में अग्रवाल समाज ने एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा

बढ़ता राजस्थान

**हिण्डौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** गंगापुर सिटी में पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज के विरोध में अग्रवाल समाज के सदस्यों ने शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय में नायब तहसीलदार जगमोहन शर्मा को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन का नेतृत्व व्यापार संघ के अध्यक्ष एवं पूर्व चैयरमैन अजय मित्तल ने किया।



ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 17 सितंबर 2025 को जिला सवाई माधोपुर के गंगापुर सिटी में शांतिप्रिय एवं अनुशासित अग्रवाल समाज द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से निकाले जा रहे शांतिमार्ग पर पुलिस ने बर्बरतापूर्वक एकतरफा लाठीचार्ज किया। अग्रवाल समाज ने अपनी आपत्ति जताते हुए कहा कि समाज के सभी नागरिक सभ्य, शांतिप्रिय और राष्ट्र के प्रति समर्पित हैं।

ज्ञापन में मांग की गई कि लाठीचार्ज में शामिल सभी अधिकारी और कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए और लोकतांत्रिक व्यवस्था कायम करने के लिए उचित कदम उठाए जाएँ। यदि प्रशासन इस कार्रवाई में असफल रहता है, तो समाज मजबूरन जिला सवाई माधोपुर के गंगापुर सिटी में अग्रवाल समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर आंदोलन में शामिल होगा।

ज्ञापन देने वाले समाज के सदस्य पूर्व जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, अध्यक्ष सत्येन्द्र आर्य, चतुर्भुज गोयल, लक्ष्मण गोयनका, गोपाल मित्तल, भरतलाल, रामदयाल पटवारी, अनिल गोयल, गोपाल बंसल, ओमप्रकाश, सुरेश गुप्ता, देवेंद्र, अरविंद, महेश गुप्ता, नरेन्द्र आर्य, संतोष गोयल, जगदीश गुप्ता, योगेश जमालपुरिया सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### शी-सर्कल इंडिया और बीसीआई का बिजनेस ट्रांसफॉर्मेटिव प्रोग्राम आज

## उदयपुर में उद्यमियों को सफलता का मंत्र देंगे सीए प्रीतम गोस्वामी-मुकेश माधवानी

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** व्यापार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शी-सर्कल इंडिया और बीसीआई (बिजनेस सर्कल इंडिया) के संयुक्त तत्वावधान में 20 सितंबर को बिजनेस ट्रांसफॉर्मेटिव प्रोग्राम होगा।

बीसीआई के संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया की इसमें उद्यमियों और व्यापारियों को व्यापार में सफलता प्राप्त करने के नए सूत्र बताए जाएंगे। कार्यक्रम 100 फीट रोड, शोभागपुरा स्थित अशोका ग्रीन में दोपहर 2 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त व्यापार विशेषज्ञ, सलाहकार और लेखक सीए प्रीतम गोस्वामी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे।

छोटे और मध्यम व्यापारियों के लिए होंगे खास सत्र-बिजनेस सर्कल इंडिया के संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छोटे और मध्यम स्तर के व्यापारियों को आधुनिक व्यावसायिक चुनौतियों के लिए तैयार करना है, ताकि वे आज के समय में प्रतिस्पर्धा के दौर में आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बिजनेस करना पहले की तरह आसान नहीं रहा है। आज हमें दुनियां की रीति नीति के साथ आगे बढन्ना होता है। डिजिटल के इस युग में व्यापारियों को भी हर विधा की जानकारी होना आवश्यक है। इसीलिए कार्यक्रम में बिजनेस उड़ान नामक एक विशेष सत्र भी होगा, जिसमें यह सिखाया जाएगा कि कैसे व्यवसाय को व्यवस्थित किया जाए, राजस्व बढ़ाया जाए और बाजार में अपनी मजबूत पहचान बनाई जाए।

नए उद्यमियों को मिलेगा मार्गदर्शन-शी-सर्कल इंडिया की संस्थापक तारिका भानुप्रताप सिंह ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए लोग बिजनेस करने से कतराते हैं। युवा भी उद्यमी नहीं बनकर नौकरी के पीछे भाग रहा है। ऐसे में उन्हें गाइड करना और बिजनेस में लाना बहुत जरूरी है। हमें नौकरी देने वाले उद्यमी तैयार करने हैं, ताकि उद्यमिता को बढ़ावा मिले। इसी को ध्यान में रखते हुए उद्यमी कैसे बनें सत्र रखा गया है।

## श्री नारायणी सेना ने पौधारोपण कर मनाया राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा।** श्री नारायणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनिल गहलोत का जन्मदिन संगठन की ओर से पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पावटा स्थित आड़ा गैला हनुमान मंदिर परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विभिन्न प्रजातियों के पेड़-पौधे लगाए। कार्यक्रम संयोजक एवं श्री नारायणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि सेन बडन्नगर ने कहा कि पेड़-पौधे लगाने से न केवल वातावरण में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है बल्कि वायु की गुणवत्ता भी सुधरती है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ और सुरक्षित पर्यावरण देने के लिए सभी को पौधारोपण करना चाहिए। रवि सेन ने बताया कि श्री नारायणी सेना समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मंदिरों, सार्वजनिक पार्कों और विद्यालयों में लगातार पौधारोपण कर रही है। उन्होंने आमजन से भी पेड़-पौधे लगाने और पर्यावरण को हरा-भरा रखने का आग्रह किया। इस मौके पर करतार सिंह, सुशील कुमार, सचिन, विक्रम सैन समेत कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

## नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर 'पानी, पेड़, प्रकृति बचाओ' अभियान से जागरूकता

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले में पर्यावरणविद् एवं जल प्रहरी दीपसिंह शेखावत के नेतृत्व में चल रही पानी, पेड़, प्रकृति बचाओ क्रांति पदयात्रा शुक्रवार को पांचूडाला स्थित गौरी सहाय हरनाथका राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पहुंची। यहां रामेश्वर बाजिया (सेवानिवृत्त सीआई) के मुख्य आतिथ्य और समाजसेवी दयाचंद राठी की अध्यक्षता में पानी-पर्यावरण पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यात्रा संयोजक



दीपसिंह शेखावत ने बताया कि वे पिछले 3 वर्षों से पानी-किसानी-जवानी संवेदना यात्रा और पिछले 1 वर्ष से पानी, पेड़, प्रकृति बचाओ अभियान के माध्यम से 1000 से अधिक स्कूलों, कॉलेजों और गांवों में जल एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश पहुंचा चुके हैं। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी का विकसित भारत 2047 का विजन भी प्रकृति संरक्षण पर आधारित है। जब यह अभियान घर-घर तक पहुंचेगा, तभी भारत दुनिया की प्रथम शक्ति बन सकेगा।

उन्होंने कहा कि पेड़ लगाओ, जल बचाओ के इस अभियान के माध्यम से गांव-ढाणी और समाज तक जनजागरण से जन-अभियान तथा विचार क्रांति से सामाजिक क्रांति का बिगुल फूंककर 2047 के विकसित भारत का संकल्प साकार करने का यह एक छोटा-सा प्रयास है। मुख्य अतिथि रामेश्वर बाजिया ने विद्यार्थियों से कहा कि पानी और पेड़ के भाईचारे से ही जीवन में अनुशासन और खुशहाली लाई जा सकती है। सरपंच प्रतिनिधि निर्मल सिंह और यात्रा संरक्षक किशन लाल गुरुजी ने गीत गाकर और रैली निकालकर जल एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अध्यक्ष दयाचंद राठी ने वर्षा जल संरक्षण की मुहिम को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### नवरात्र महोत्सव की तैयारियों के बीच सामूहिक प्रशिक्षण

# माता के जगराते में मचेगी गरबों की रमझट, सीख रहीं डांस स्टेप

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** नवरात्र महोत्सव की तैयारियां शुरू हो चुकी है। माता के जगराते में नौ दिन तक गरबा नृत्य की रमझट मची रहेगी। इसके लिए कहीं पांडाल सज रहे हैं तो कहीं डांस स्टेप सीखे जा रहे हैं। जिला मुख्यालय पर मुख्य नवरात्र महोत्सव रामझरोखा मैदान में जगदम्बे नवयुवक मंडल की ओर से इस बार 53वां महोत्सव आयोजित किया जाएगा। महोत्सव को देखते हुए मंडल की ओर से निशुल्क नृत्य प्रशिक्षण के प्रबंध भी किए गए हैं, ताकि सांस्कृतिक धरोहर को बचाए रखा जा सके। इसके लिए गुजरात की मशहूर नृत्य प्रशिक्षिक संगीताबेन पटेल यहां गरबा के अलग-अलग स्टेप व पारंपरिक नृत्य प्रशिक्षण दे रही हैं।

**सौम्य परिधान पहनने की अपील**

मंडल संरक्षक लोकेश खण्डेलवाल ने बताया कि सुभाष पार्क के सामने होटल



में प्रतिदिन दोपहर दो बजे से शाम सात बजे तक नृत्य प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुख्य संरक्षक सुरेश सगरवंशी ने धार्मिक आयोजन की महत्ता के मद्देनजर गरबों के दौरान मर्यादित आचरण वाली सौम्य पोशाक या गरबा के लिए विशेष परिधान पहनकर नृत्य करने की अपील की है। प्रतिभागियों से असभ्य आचरण वाली वेशभूषा पहनकर गरबा स्थल पर नहीं आने का आग्रह किया है। महोत्सव स्थल पर माता का दरबार सजेगा, जिसमें 22 सितम्बर को मां जगदम्बा भवानी की आदमकद प्रतिमा बिराजित की जाएगी। घट स्थापना के साथ ही आरासना अंबाजी धाम से माता की पवित्र ज्योत लाकर प्रज्ज्वलित की जाएगी। अष्टमी को 1008 दीपों से महाआरती का आयोजन होगा। मंडल संरक्षक गिरीश सगरवंशी, रणछोड़ पुरोहित सहित पदाधिकारियों ने शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल का अवलोकन कर दिशा-निर्देश दिए।

**व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं कार्यकर्ता**

आयोजन की तैयारियों को लेकर मंडल कार्यकर्ता व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं। मंडल अध्यक्ष अतुल रावल समेत अन्य पदाधिकारी प्रताप प्रजापत, राजेश गुलाबवाणी, विजय पटेल, प्रकाश प्रजापति, दिनेश प्रजापत, तगसिंह राजपुरोहित, शैतान खरोर, सज्जनसिंह राजपुरोहित, रूपेश शर्मा, पर्वतसिंह, दिलीप पटेल, महेश पटेल, विकास प्रजापत, मगन मीणा, हीरालाल माली, सुरेश रावल, हरिश खत्री, महेंद्र सूर्यवंशी आदि तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# सोशल मीडिया पर पानी की समस्या उठाने वाले युवक पर जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

## आगामी पुलिस अनुसंधान में होगा घटना के कारणों का खुलासा अन्य बदमाशों की तलाश जारी

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** सोशल मीडिया पर पेयजल समस्या संबंधी पोस्ट करने वाले युवक सुरज माली पर हुए जानलेवा हमले का खुलासा कपासन पुलिस ने कर दिया है। पुलिस ने हमले में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य की तलाश जारी है।

जिला पुलिस अधीक्षक चित्तौडग़ढ़ मनीष त्रिपाठी के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने सीसीटीवी फुटेज, वाहन चैकिंग और साइबर सेल की मदद से कार्रवाई की। पुलिस उपाधीक्षक कपासन हरजीलाल यादव ने थाना परिसर में प्रेस वार्ता कर बताया कि गिरफ्तार आरोपी कैलाश चन्द्र गुर्जर (23) निवासी दोलपुरा, राधेश्याम गुर्जर (27) निवासी दोलपुरा व मदनलाल गुर्जर (23) निवासी गोवलीया, थाना कारोई, जिला भीलवाड़ा हैं। वारदात में प्रयुक्त बिना नंबर की सफेद स्कॉर्पियो भी जप्त कर ली गई है।





15 सितंबर 2025 को प्रार्थी सुरज माली पिता शांतिलाल माली उम्र 20 साल निवासी भोपालखेड़ा, कपासन जिला चित्तौडगढ़ ट्रोमा वार्ड श्री साँवलियाजी राजकीय सामान्य चिकित्सालय चित्तौडगढ़ पर जानलेवा हमलेकी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गौरतलब है कि उपरोक्त घटना के विरोध एवं पीडित सुरज माली पर हुवे जानलेवा हमला करने वाले स्कार्पियो सवार अज्ञात बदमाशों की तलाश करने एवं शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर कपासन नगर में माली समाज एवं लोगों द्वारा धरना प्रदर्शन कर मुल्जिमों की 24 घण्टो मे गिरफ्तारी की मांग की जाकर ज्ञापन दिये गये।जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चित्तौडगढ,पुलिस उपअधीक्षक वृत कपासन एवं थानाधिकारी द्वारा समझाईश कर पुलिस द्वारा सुरज माली के साथ मारपीट करने वाले स्कॉर्पीयो सवार अज्ञात बदमाशों की तलाश हेतु थाना हाजा से टीम का गठन कर साईबर टीम,डी.एस.टी टीम के सहयोग से शीघ्र अज्ञात बदमाशो का पता लगा अविलम्ब गिरफ्तार करने का आमजन को भरोसा दिलाया गया था।

प्रकरण की गंभीरता के मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा हमले में शामिल बदमाशों की तलाश हेतु चित्तौडग़ढ़-उदयपुर राजमार्ग, रेलमंगरा, मातृकुंडिया कारोई मार्ग व टोल प्लाजाओं पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। लगभग 200 वाहनों की जांच के बाद पुलिस ने स्कॉर्पियो व आरोपियों का सुराग लगा लिया। साइबर सेल व डीएसटी टीम की मदद से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपियों को शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें तीन दिन की पुलिस रिमांड पर सौंपा गया है। पुलिस अब अन्य आरोपियों और हमले के पीछे की साजिश का पता लगाने में जुटी है।

## नपा कपासन में सफाई मित्रों एवं कार्मिकों हेतु हेल्थ चेकअप शिविर आयोजित



बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। स्वच्छता ही सेवा 2025 स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत नगर पालिका कपासन में कार्यरत सफाई मित्र एवं कर्मचारियों का हेल्थ चेकअप शिविर आयोजित कर स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।शिविर में शुगर,बीपी आदि की बीमारियों संबंधी जांच जांच की गयी। नगर पालिका कपासन स्वास्थ्य निरीक्षक रेखा देवी कोदली ने बताया कि नगर पालिका की ओर से स्वच्छता पखवाड़े के तहत शुक्रवार को ललित सिंह देथा के निर्देशानुसार नगर पालिका परिसर में सफाई मित्र एवं कार्मिकों के लिए हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉ. धीरज कुमावत,नर्सिंग ऑफिसर लोकेश पायक,एएनएम पायल रेगर,लैब टक्नीशियन भारती जीनगर आदि द्वारा सहयोग प्रदान किया गया ।

## राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के जिला स्तरीय सम्मेलन में कपासन के शिक्षक करेंगे शिरकत




बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत का जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन का जिला मुख्यालय स्थित जैन श्वेतांबर विश्रांति गृह चित्तौडग़ढ़ में आयोजन किया जायेगा। उपशाखा अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने बताया कि इस सम्मेलन में राजसमंद के पूर्व सीडीइओ सोहनलाल,विशिष्ट अतिथि राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत सीकर के कार्यकारी जिलाध्यक्ष नागरमल गढ़वाल,एआईकेएस के प्रदेश संयुक्त सचिव डॉ. संजय माधव,एनएचसीपीएम के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व पर्यावरणविद मन्नाराम,मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय उदयपुर में शोधकर्ता पवन बेनीवाल आदि गणमान्यजन अतिथि रूप में उपस्थित रहेंगे।उक्त सम्मेलन का राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत जिला चितौडग़ढ़ के अध्यक्ष जयपाल बुरडक़ की अध्यक्षता में आयोजन होगा, जिसमे कपासन ब्लॉक क्षैत्र में कार्यरत शिक्षकों द्वारा बस द्वारा सामूहिक रूप में जिला मुख्यालय पहुंचकर आयोजित सम्मेलन में शिरकत की जायेगी।

## शतरंज प्रतियोगिता में विवेकानंद केंद्रीय विद्यालय के तीन छात्र राज्य स्तर के लिए चयनित




बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** रायला कस्बे स्थित हैप्पी आवर्स स्कूल में 69वीं जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में विवेकानंद केंद्रीय विद्यालय, हुरड़ा के तीन छात्रों अक्षत कुमार लखारा, यशांश कुमार लखारा और हार्दिक शाह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए स्थान बनाया। इन तीनों छात्र खिलाडियों का चयन आगामी 30 सितंबर को सीकर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जहां वे भीलवाड़ा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता के 17 वर्षीय छात्र वर्ग में विवेकानंद केंद्रीय विद्यालय की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया।

उल्लेखनीय है कि अक्षत कुमार लखारा ने पिछले वर्ष भी 17 वर्षीय वर्ग में नर्मदापुरम (मध्य प्रदेश) में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया था। उनके अनुभव और नेतृत्व से इस बार भी विद्यालय की टीम को शानदार सफलता मिली है।

## लोक संस्कृतिक के नजारे देख कर मंत्रमुग्ध हुए दर्शक, आज राष्ट्रीय कविसम्मेलन



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां(टी.आर सैनी)।** शहर में दहेलवाल महाराज मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में गुरूवार रात्रि को राजस्थानी सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत रामजी की निकली सवारी गीत के साथ शुरू हुई। इसके बाद कलाकारो ने राजस्थान की पारंपरिक लोक संस्कृति एंव ग्रांमीण आंचल से जुड़े लोक गीतो पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। शहर के दर्शको को राजस्थान की जीवंत परंपराओं से रूबरू होने का अवसर मिला। राजस्थान का चर्चित भवई नृत्य,चरी नृत्य को देख कर दर्शको ने कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारो को तालियो की गडग़ड़ाहाट से स्वागत किया। सुभाष रंगमंच पर भीलवाड़ा राजस्थानी संस्कृति से जुड़े कलाकारो ने मिस प्रिया, मिस रियाणा की जोड़ी ने रिमिक्स गानो पर युवको को थरकने पर मजबूर कर दिया। मिस दिया राजस्थानी एंव काजल व कृष्णा ने सांस्कृतिक संध्या में लोक रंग को तरोताजा किया।

## ब्यावर में शहरी सेवा शिविर का आयोजन, दिव्यांगजन को मिले यू.डी.आई.डी. कार्ड

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** राज्य सरकार के शहरी सेवा शिविर अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को बादामी देवी बुरड़ धर्मशाला, रेलवे स्टेशन रोड, ब्यावर में एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य शहरी क्षेत्र के आमजन को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं से जोडऩा है। विशेष रूप से दिव्यांगजनों को चिन्हित कर यू.डी. आई.डी. कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्ड के माध्यम से लाभार्थी केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं, छात्रवृत्ति, रोजगार अवसरों, स्वास्थ्य सेवाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं आदि का सरलता से लाभ उठा सकेंगे। यह एक सर्वमान्य पहचान पत्र है, जिससे लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए बार-बार अलग-अलग प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी।इस अवसर पर उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हरीश कुमार ने शिविर में चिन्हित दिव्यांग व्यक्तियों को यू.डी.आई.डी. कार्ड वितरित किए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय गहलोत ने बताया कि विभाग द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है कि समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर दिव्यांगजन, को समय पर और पारदर्शिता के साथ योजनाओं का लाभ मिले।



### सेवा पर्व पखवाड़ा

## झोपड़ी से पक्के घर तक - बज्जी देवी की जिंदगी में आया नया उजाला

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** सेवा पर्व पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत बलाड में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर-2025 ने कई परिवारों के चेहरे पर मुस्कान ला दी। कुल 557 प्रतिभागियों में से 231 लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिलाइसी शिविर में राजस्व ग्राम रूपाहेली की बज्जी देवी को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पक्का मकान स्वीकृत हुआ।




पहले कच्ची झोपड़ी में जीवन गुज़ार रही बज्जी देवी को अब सुरक्षित और सम्मानजनक आवास मिल रहा है। डीबीटी के माध्यम से 1,20,000 आवास निर्माण हेतु, मनरेगा के तहत 90 दिन की मजदूरी और स्वच्छ भारत मिशन से 12,000 शौचालय निर्माण हेतु मिलकर लगभग 1.50 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। बज्जी देवी ने कहा आज मुझे जीवन में नया आत्मविश्वास मिला है। जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने कहा कि सेवा पर्व पखवाड़ा का उद्देश्य है आमजन को उनके हक का लाभ घर के पास ही दिलाना और यह सुनिश्चित करना कि कोई भी पात्र परिवार वंचित न रहे।

## ब्यावर में मेडिएशन अभियान पर संवाद, जिला जज ने दी जानकारी



बढ़ता राजस्थान

ब्यावर(अनिल सिखवाल) । ब्यावर जिला बार एसोसिएशन और जिला जज के मध्य मेडिएशन अभियान को लेकर संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ इस अवसर पर जिला जज दिनेश कुमार गुप्ता, एडीजे विनोद नागपाल, गिरिजा भारद्वाज और विजयप्रकाश सोनी सहित अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।जिला जज गुप्ता ने मेडिएशन की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि इस व्यवस्था से न केवल पक्षकारों को अनावश्यक विलंब से मुक्ति मिलेगी बल्कि न्यायालय का कार्यभार भी कम होगा। उन्होंने अधिवक्ताओं से आग्रह किया कि वे आमजन को अधिक से अधिक इसका लाभ दिलवाएं।

## ग्रामीण सेवा शिविर-2025 में ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ, कृपलानी ने वितरित किए पट्टे

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा।** ग्रामीण सेवा शिविर-2025 के तहत शुक्रवार को निंबाहेड़ा उपखंड की ग्राम पंचायत गादोला एवं बरड़ा स्थित राजीव गांधी सेवा केंद्र पर शिविर का सफल आयोजन हुआ। शिविर में पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी मुख्य अतिथि तथा शिविर प्रभारी एवं उपखंड अधिकारी विकास पंचोली अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उपखंड क्षेत्र के विभिन्न विभागों के अधिकारी व कार्मिक भी मौजूद रहे, जिन्होंने अपने-अपने विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए पात्र ग्रामीणों को उनका लाभ दिलाया। शिविर में कई लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।

शिविर के दौरान सहायक शिविर प्रभारी एवं तहसीलदार जरवार ने किसानों को किसान गिरदावरी ऐप डाउनलोड करवा कर गिरदावरी प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया। वहीं सहायक शिविर प्रभारी एवं पंचायत समिति विकास अधिकारी लक्ष्मण लाल खटीक ने बताया कि ग्राम पंचायत गादोला में स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को आवश्यक जानकारी दी गई।

इसी क्रम में गादोला निवासी गोपाललाल धाकड़ को उनके आवासीय मकान का पट्टा और डिजिटल स्वामित्व पार्सल विधायक श्रीचंद कृपलानी द्वारा सौंपा गया, जिससे वे और उनका परिवार भावुक हो उठे और उन्होंने भजनलाल शर्मा व विधायक कृपलानी का आभार व्यक्त किया।

शिविर में 10 आपसी सहमति से विभाजन के प्रकरणों तथा नामांतरण के 94 लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया गया। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान कर आमजन को संतुष्ट किया गया।

शिविर प्रभारी एवं एसडीएम विकास पंचोली ने बताया कि अगला ग्रामीण सेवा शिविर 20 सितंबर को ग्राम पंचायत टाई और उंखलिया के राजीव गांधी सेवा केंद्र पर आयोजित होगा। उन्होंने पात्र ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में भाग लेने की अपील की, ताकि राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उन्हें समय पर मिल सके।

इस अवसर पर पूर्वी मंडल अध्यक्ष अशोक जाट, कनेरा मंडल अध्यक्ष जुगलकिशोर धाकड़, मंडल महामंत्री राजेश धाकड़, उपाध्यक्ष पप्पूलाल गुर्जर, प्रशासक शांतिदेवी रैगर सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### समय पर जांच से मदन बैरवा को मिली नई जिंदगी

# ग्रामीण सेवा शिविर बन रहा है लोगों की उम्मीद का सेतु

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)** । राज्य सरकार द्वारा आमजन के स्वास्थ्य हित में शुरू किए गए ग्रामीण सेवा शिविर अब ग्रामीणों के लिए आशा की नई किरण साबित हो रहे हैं। ग्राम पंचायत बामणिया के 65 वर्षीय मदन बैरवा पुत्र श्री तेजू बैरवा की जीवन यात्रा इसका जीवंत उदाहरण बन गई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मदन बैरवा की स्वास्थ्य जांच की। लंबे समय से अस्वस्थ महसूस करने के बावजूद उन्हें बीमारी का सही कारण ज्ञात नहीं था। जांच में टीबी की पुष्टि हुई, जिसके बाद तत्काल विभाग द्वारा उनका पंजीकरण कर निःशुल्क दवाएं, इलाज और चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया गया। टीम ने उन्हें पोषणयुक्त आहार लेने और नियमित उपचार की महत्ता भी समझाई।



डॉ. शर्मा ने कहा कि सरकारी योजनाएँ तभी सार्थक होती हैं, जब वे गाँव-गाँव पहुँचकर आमजन की समस्याओं का समाधान करें। सही समय पर मिला उपचार न केवल रोगी का जीवन बचाता है, बल्कि पूरे परिवार में नई उम्मीद भर देता है।

बीमारी का पता चलते ही मदन बैरवा और उनके परिवार की आँखों में राहत और कृतज्ञता के आँसू छलक उठे। भावुक होकर उन्होंने कहा, गाँव में लगे इस शिविर ने हमें नई जिंदगी की राह दी है। अगर यहाँ जांच नहीं होती तो हमें बीमारी का पता ही नहीं चलता और परिवार पर संकट के बादल मंडराने लगते।

### बैरवा ने जताया आभार

मदन बैरवा की आर्थिक स्थिति को देखते हुए, शिविर में मौजूद अधिकारियों ने निक्षय पोषण योजना के तहत निक्षय मित्र बनकर उन्हें पौष्टिक खाद्य सामग्री का किट प्रदान किया। यह सहायता पाकर मदन बैरवा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राजस्थान सरकार और जिला प्रशासन का आभार जताया।

## महाराजा अग्रसेन जयंती पर अग्रसेन जीवनी निबंध प्रतियोगिता आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** अग्रवाल समाज भुसावर द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार, 19 सितंबर को समाज की महिला समिति के तत्वावधान में अग्रवाल समाज भवन में महाराजा अग्रसेन की जीवनी पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई।

महिला समिति अध्यक्ष याशु मित्तल ने बताया कि पांच दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव कार्यक्रमों के तहत यह प्रतियोगिता पूनम अग्रवाल के नेतृत्व में संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारम्भ समाज अध्यक्ष विजय गुप्ता, मंत्री प्रमोद सिंघल एवं कोषाध्यक्ष राजकुमार बंसल द्वारा महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। प्रतियोगिता जूनियर एवं सीनियर वर्ग में हुई, जिसमें कुल 32 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

समाज अध्यक्ष विजय गुप्ता (नेवारिया) ने बताया कि आगामी कार्यक्रमों में 22 सितंबर को प्रभात फेरी, ध्वजारोहण, हवन, सामूहिक भोज तथा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होगा। वहीं, 24 सितंबर बुधवार को भव्य अग्रसेन शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## यश इंडिया ने प्रदान किया 'राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार-2025'

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र कुमार पाण्डेय)** । जिले के भुसावर कस्बे के निवासी, अखिल भारतीय शहीद सुशील कुमार शर्मा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सेफ इंडिया फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रख्यात समाजसेवी यतेन्द्र कुमार पाण्डेय को हाल ही में यश इंडिया द्वारा आयोजित समारोह में 'राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार-2025' से सम्मानित किया गया।




यह सम्मान उन्हें समाज सेवा के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान, वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों तक सहयोग पहुँचाने, सामाजिक जागरूकता फैलाने, मानवीय मूल्यों को सशक्त बनाने और राष्ट्र निर्माण में सतत प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। समारोह में पाण्डेय को डिजिटल प्रमाणपत्र, सदस्यता आईडी कार्ड, वेबसाइट प्रोफ़ाइल और सोशल मीडिया पोस्ट सहित अन्य विशेष लाभ भी प्रदान किए गए।

कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि यह प्रतिष्ठित पुरस्कार शिक्षा, सामाजिक जागरूकता, मानवाधिकार संरक्षण, कला-संस्कृति, स्वास्थ्य और राष्ट्र निर्माण जैसे विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले चुनिंदा व्यक्तियों को राष्ट्रीय ज्यूरी द्वारा चयनित कर प्रदान किया गया, जिससे इस सम्मान की गरिमा और भी बढ़ गई।

इस अवसर पर यतेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि उनके परिवार, गुरुजनों, सहयोगियों और उन सभी साथियों का है जिन्होंने उनकी सामाजिक यात्रा में निरंतर सहयोग और प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य सदैव समाज के वंचित वर्ग तक सहयोग पहुँचाना, लोगों में जागरूकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना तथा समाज को प्रगतिशील दिशा में आगे बढ़ाना रहा है।

पाण्डेय ने यश इंडिया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार उन्हें और अधिक निष्ठा, समर्पण और उत्साह के साथ समाज सेवा एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय रहने की प्रेरणा देगा।

## उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने एवं वितरण की सुचारू व्यवस्था के लिए कृषि पर्यवेक्षकों की लगाई ड्यूटी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर।** जिले में उर्वरक की कालाबाजारी रोकने व खाद आपूर्ति एवं वितरण की सुचारू व्यवस्था के लिए कृषि पर्यवेक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि जिले के कुल 400 खुदरा विक्रेताओं के यहाँ यूरिया, डीएपी, एनपीके, एसएसपी आदि उर्वरकों को निर्धारित दर पर अपनी निगरानी में विक्रय करवाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि पॉस मशीन, स्टॉक रजिस्टर व भौतिक रूप से उपलब्ध उर्वरक का मिलान करें व स्टॉक को प्रतिदिन शाम को बंद करें। साथ ही आदान विक्रेता परिसर पर मूल्य सूची व स्टॉक प्रतिदिन प्रदर्शित करवाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि अपने क्षेत्र विशेष में ध्यान रखें कि किसी भी तरह की अनाधिकृत रूप से आने वाले उर्वरकों का विक्रय नहीं हो। यदि कोई ऐसा करता हुआ पाया जाता है तो संबंधित क्षेत्र के प्रभारी निरीक्षक को तत्काल सूचित करें। जिससे संबधित के विरुद्ध कार्यवाही अमल में लायी जा सके। यदि कालाबाजारी होती है तो संबंधित कृषि पर्यवेक्षक जिम्मेदार होगा।

उर्वरकों के अवैध आगमन एवं परिगमन के लिए नियुक्त किए कार्मिक रबी 2025 की बुवाई हेतु जिले में उर्वरकों के अवैध आगमन एवं परिगमन की रोकथाम के लिए पुलिस चेक पोस्ट पर कृषि पर्यवेक्षकों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि सागरपाडा पुलिस चौकी चैकपोस्ट, एबी रोड धौलपुर पर कृषि पर्यवेक्षक सुशील कुमार शर्मा की प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक, धर्मेन्द्र कुमार त्यागी की दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक एवं मंजीत खा की रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक, बरैठा पुलिस चौकी चैकपोस्ट, एबी रोड़, धौलपुर पर कृषि पर्यवेक्षक किशनलाल की प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक, आशीष कुमार की दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक, शुभम शर्मा की रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक, बसई नबाव पुलिस चौकी चैकपोस्ट पर कृषि पर्यवेक्षक शंभूदयाल की प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक, यादवेन्द्र त्यागी की दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक, भानूप्रताप की रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक, कैथरी चैकपोस्ट सैपऊ टोल प्लाजा पर कृषि पर्यवेक्षक दीपेन्द्र शर्मा की प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक, दिनेश कुमार शर्मा की दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक, भोलू परमार की रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक, पुलिस चौकी जारगा चैकपोस्ट बसेडी पर कृषि पर्यवेक्षक हेतराम मीणा की प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक, उमेश मीणा की दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक, रामरेश मीणा की रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक तथा पुलिस चौकी चैकपोस्ट राजाखेडा पर कृषि पर्यवेक्षक नाहर सिंह की प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक, दुष्यंत सिंह की दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक, रोहित कुमार जायसवाल की रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक ड्यटी लगाई जाती है।

## रूपबास में दो सब इंस्पेक्टर और छह हैड कांस्टेबल को पदोन्नति पर किया गया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**रूपबास/भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** रूपबास के वनखण्डेश्वर महादेव मंदिर के पास स्थित कार्यालय पर पूर्व सरपंच एवं मौजूदा पंचायत समिति सदस्य राकेश भातरा के नेतृत्व में पदोन्नत पुलिस अधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया।



इस अवसर पर बालकृष्ण सिनसिनवार (थाना प्रभारी रुदावल) और विजय सिंह छौंकर (थाना प्रभारी गहनौली मोड़) को सब इंस्पेक्टर से सर्किल इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नत होने पर सम्मानित किया गया।

साथ ही, पुलिस थाना रूपबास से जुगल सिंह , अशोक कुमार , श्याम सिंह , विनोद कुमार , मान सिंह , रविन्द्र सिंह तथा पुलिस थाना गहनौली मोड़ से जितेन्द्र कुंतल, निरंजन , भगत सिंह को हैड कांस्टेबल से सहायक उप निरीक्षक पद पर पदोन्नत होने पर मालाएं व साफा पहनाकर, तथा राधा कृष्ण की तस्वीर भेंट कर अभिनंदन किया गया।

इस मौके पर रूपबास क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व व्यापार मंडल से जुड़े लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पंचायत समिति सदस्य राकेश भातरा ने कहा कि बालकृष्ण सिनसिनवार ने रूपबास क्षेत्र में लंबे समय तक पुलिस थाना रूपबास व घाटौली पुलिस चौकी पर रहकर आमजन की सेवा की है तथा सभी से विनम्रता पूर्वक व्यवहार किया।

उन्होंने बताया कि विजय सिंह छौंकर ने थाना गहनौली मोड़ पर अपने कार्यकाल के दौरान उत्कृष्ट समन्वय और व्यवहार कुशलता का परिचय दिया। भातरा ने आगे कहा कि सभी पदोन्नत अधिकारी रूपबास थाने पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं और उन्होंने निष्पक्षता, कर्मठता व सजगता के साथ जनता की समस्याओं के समाधान और क्षेत्र में शांति बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई है।

## राजेश कटारा के नेतृत्व में 'वोट चोर-गद्दी छोड़' व हस्ताक्षर अभियान आज से रूपबास में

बढ़ता राजस्थान

**रूपबास/भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रूपबास के तत्वावधान में 'वोट चोर-गद्दी छोड़' एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन 20 सितंबर 2025 को दोपहर 12 बजे ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय, रूपबास में किया जाएगा। यह कार्यक्रम विधानसभा प्रभारी राजेश कटारा के नेतृत्व में आयोजित होगा।

मंडल प्रभारी नंदराम शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा, पूर्व विधायक अमर सिंह जाटव, ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र प्रधान, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रकेश राजावत, तथा ब्लॉक उपाध्यक्ष नंदराम शर्मा उपस्थित रहेंगे।

गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार, इस कार्यक्रम में ब्लॉक कार्यकारिणी, मंडल कार्यकारिणी, बीएलए एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस, सेवादल, महिला कांग्रेस, विधि प्रकोष्ठ, नगर निकाय प्रकोष्ठ सहित सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, जनप्रतिनिधि, पार्षद एवं समस्त कांग्रेसजनों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। सभी मंडल अध्यक्षों को अपनी कार्यकारिणी के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

नंदराम शर्मा ने बताया कि राजेश कटारा के नेतृत्व में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राहुल गांधी द्वारा प्रारम्भ किए गए 'वोट चोर-गद्दी छोड़' एवं हस्ताक्षर अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया है। यह अभियान पूरे देश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम जनता से व्यापक समर्थन प्राप्त कर रहा है। देश की जनता में बढ़ते आक्रोश के चलते यह अभियान अब एक आंदोलन का रूप लेता जा रहा है।

## डेढ लाख रुपए कीमत के गहने चोरी कर हुआ फरार, पत्नी को बुलाकर लाने का दिया झांसा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** विद्याधर नगर थाना इलाके में ग्राहक बन कर आया एक शातिर बदमाश लाखों रुपए के गहने चोरी कर फरार हो गया। पीडि़त को वारदात की जानकारी आरोपी के फरार होने के बाद सीसीटीवी फुटेज देखने पर चली। जिसके बाद पीडि़त ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

एएसआई देव लाल ने बताया कि थाना में बियानी कॉलेज के पास दीक्षा ज्वेलर्स नाम से महेश सोनी की 49 की ज्वैलरी की दुकान है। शुक्रवार दोपहर करीब पौने 11 बजे खरीदारी करने के लिए एक व्यक्ति शोरुम आया। उसने सोने-चांदी के गहने दिखाने की डिमांड की।

डिब्बे खोलकर दिखाने पर उसने स्टाक पैकेट में ज्वेलरी दिखाने को कहा। स्टाक बॉक्स का सामान दिखाने पर उसने नजर बचाकर सोने के गहने का पैकेट उठाकर अपनी जेब में रख लिया। गहने समझ नहीं आने की कहकर वह जल्दबाजी करने लगा।

शोरूम के बाहर खड़े ऑटोरिक्शा में बैठकर फरार हो गया।

जैसे ही पीडि़त ने बाहर जाकर देखा तब तक वह ऑटोरिक्शा में बैठकर जा चुका था। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर चोर की करतूत का पता चला। पीडि़त ज्वेलर महेश सोनी ने पुलिस को बताया आरोपी करीब डेढ लाख रुपए के गहने लेकर फरार हो गया । पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

## ज्ञानदीप पब्लिक सेकेंडरी स्कूल में स्वच्छ भारत अभियान पर पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** ज्ञानदीप पब्लिक सेकेंडरी स्कूल में स्वच्छ भारत अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कर छात्रों को स्वच्छता का महत्व समझाया गया।



इस अवसर पर छात्रों ने पोस्टर प्रतियोगिता में स्वच्छता से जुड़े संदेशों को दर्शाते हुए आकर्षक पोस्टर तैयार किए, वहीं निबंध प्रतियोगिता में अपने विचार व्यक्त करते हुए स्वच्छ भारत अभियान पर लेखन प्रस्तुत किया। पोस्टर प्रतियोगिता में 48 तथा निबंध प्रतियोगिता में 42 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान का यह पखवाड़ा 2 अक्टूबर, गांधी जयंती तक चलेगा। इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझने और अपने दैनिक जीवन में उसे अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं।

इस अवसर पर विद्यालय निदेशक राकेश गर्ग, अजय गर्ग एवं प्रिंसिपल गौरव बंसल ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को स्वच्छता से जोडने के साथ उनकी रचनात्मकता को भी नई दिशा प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम में कॉर्डिनेटर पूजा बंसल, छगन गर्ग, देवेंद्र गौड़, देवेंद्र गर्ग, निशात जैदी, प्रियंका, अतर सिंह, रूबी, गायत्री, मीनू, कौशर, जितेंद्र सिंह, रेखा शर्मा, प्राची सिंघल, नीतू, जितेंद्र पाराशर सहित कई शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## ग्रामीण सेवा शिविर में सीएमएचओ डॉ. मीणा ने लिया चिकित्सा सुविधाओं का जायजा



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने शुक्रवार को बाड़ी उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत खानपुर और मत्सुरा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविरों के दौरान चिकित्सा सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया।

डॉ. मीणा ने चिकित्सा विभाग की ओर से लगाए गए स्वास्थ्य शिविरों में दवा वितरण व्यवस्था, हीमोग्लोबिन, मधुमेह, रक्तचाप जांच तथा रोगी पंजीयन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविरों में कार्यरत चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की और आमजन को और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों से भी संवाद कर यह सुनिश्चित किया कि उन्हें सरकार की योजनाओं और सेवाओं का पूरा लाभ मिल रहा है। साथ ही टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग पर विशेष बल देते हुए निर्देश दिए कि ऐसे रोगियों का शीघ्र पता लगाकर उनका नियमित उपचार सुनिश्चित किया जाए।

शिविर में उन्होंने टीबी रोगियों को निक्षय किट भी वितरित की और उन्हें नियमित रूप से दवा सेवन करने की सलाह दी। इसके अतिरिक्त उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात कर उनसे गांवों में दी जा रही विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली।

## छितरिया कॉलोनी में 35 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध मौत, कमरे में फंदे पर लटका मिला शव

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)** । शहर के छितरिया कॉलोनी में एक 35 वर्षीय विवाहित महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। सूचना पर मौके पर पहुंची राजस्थान पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया और मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया। साथ ही घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया।



जानकारी के अनुसार मृतका गुडिया पत्नी दिनेश जाटव निवासी छितरिया कॉलोनी का शव बुधवार रात अपने ही कमरे में फंदे पर झूलता मिला। मृतका का पति दिनेश जाटव जिंद (हरियाणा) में पत्थर मिस्त्री का काम करता है, जो घटना की सूचना मिलने पर घर लौटा। मृतका के दो बच्चे हैं और घर में अन्य कोई सदस्य नहीं रहता था।

पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड से करवाया तथा एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए। प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि आत्महत्या के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो सका है।

कोतवाली थाने के एएसआई एवं जांच अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों द्वारा अभी कोई रिपोर्ट नहीं दी गई है। पुलिस ने पंचनामा बनाकर कार्रवाई शुरू कर दी है और मामले की जांच जारी है। थानाधिकारी अमित शर्मा ने कहा कि महिला की मौत के मामले में हर एंगल से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम और एफएसएल रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

## नाबालिग भांजी के साथ दुष्कर्म करने वाला कलयुगी मामा गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** विधायकपुरी थाना पुलिस ने चार माह से फरार चल रहे 10 हजार रुपए के इनामी मामा को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने अपनी ही भांजी के साथ दुष्कर्म किया और फरार हो गया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी पर दस हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने आरोपी का पीछा करते हुए उसे जोराहट आसाम के जंगलों में दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि कलयुगी मामा ने जनवरी -2025 में अपनी ही भांजी के साथ दुष्कर्म किया। जिसके बाद वो गर्भवती हो गई। परिजनों को जानकारी मिलने के बाद उन्होने आरोपी के दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु की। जिसके बाद वो फरार हो गया। चार माह तक फरार रहने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दस हजार रुपए का इनाम घोषित किया। आरोपी चार माह तक जोराहट आराम के जंगलों में छुपाता रहा। पुलिस ने तकनिकी सहायता के आधार पर आरोपी की लोकेश ट्रेस की ।जिसके बाद उप निरीक्षक जितेंद्र के नेतृत्व में विशेष टीम जोराहट के जंगलों में पहुंची । लेकिन भाषा अलग होने के कारण पुलिस को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा । वहां राजस्थानी लोगों की सहायता से पुलिस ने जोराहट के जंगल से आरोपी को दबोच लिया।

## मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना के तहत असंगठित क्षेत्र में लगे लोगों को मिल रही है आर्थिक मदद



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** नपा राजगढ़ की ओर से जारी अधिसूचना मुख्यमंत्री वित्तीय वर्ष 2025-26 में शहरी क्षेत्र में जरूरतमंद ओर असहाय परिवारों के लिए मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना शुरू करने की घोषणा की गई थी इसका उद्देश्य असंगठित क्षेत्र में सेवाएं देने वाले लोगो को आर्थिक मदद देना है। नगरपालिका राजगढ़ अधिशाषी अधिकारी जगदीश खीचड़ ने बताया कि योजना के तहत नगर पालिका की सीमा में रहने वाले गिर्ग वर्कर,ट्रांसपोर्ट वर्कर,घरेलू कामगार,भवन निर्माण श्रमिक, हॉकर,कचरा बिनने वाले,कचरा पृथक करने वाले,स्ट्रीट वेंडर, दस्तकार जैसे लोग जिन्हें प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ नहीं मिला है उन्हें इस योजना में शामिल किया जायेगा। योजना प्रभारी सीओ मिनाक्षी मिश्रा ने बताया कि शहरी सेवा शिविर 2025 में लाभार्थियों का बैंक के माध्यम से ऋण स्वीकृत करवाके डेमो चैक वितरण किए जा रहे हैं। इस योजना मे कुल 80 हजार रुपए तक का ऋण मिलेगा 18 से 60 वर्ष की आयु वाले लोग इस योजना के पात्र होंगे उन्हें बैंक के माध्यम से 10 हजार 20 हजार ओर 50 हजार रुपए का ऋण 12 माह 18 माह ओर 36 माह की अवधि के लिए मिलेगा। इस पर 7 प्रतिशत ब्याज में छूट दी जाएगी।

पालिका ने पात्र लाभार्थियों की पहचान कर चिन्हित किया जा रहा है आवेदन पत्र के साथ जनाधार,आधार कार्ड, बैंक पासबुक, ई -श्रम कार्ड और व्यवसाय का शपथ पत्र लगाना जरूरी होगा इच्छुक व्यक्ति ई -मित्र या ह्यह्यश. ह्म्ड्डद्भड्डह्यह्लद्धड्डठ्ठ.द्दश1.द्बठ्ठ के माध्यम से आवेदन कर सकते है। शहरी सेवा शिविर प्रभारी सीओ मिनाक्षी मिश्रा ने बताया की सरकार की विभिन्न योजनाएं वह अन्य विभागों द्वारा सम्बन्धित कार्य शिविर में किए जा रहें है।

## तीन दिवसीय भरतमुनि थियेटर फेस्टिवल 2025 का आयोजन 26 सितंबर से

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** आशा फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा तीन दिवसीय भरतमुनि थियेटर फेस्टिवल.2025 का आयोजन महावर ऑडिटोरियम अलवर में दिनांक 26 सितंबर से 28 सितंबर तक किया जायेगा। फेस्टिवल संयोजक डॉ0 देशराज मीणा ने बताया कि तीन दिवसीय नाटको की श्रृंखला में 26 सितंबर को जयचंद दलवी द्वारा लिखित एवं सुनील चौहान द्वारा निर्देशित नाटक अरे! शरीफ लोग 27 सितंबर को हेरोल्ड पिंटर द्वारा लिखित एवं साक्षी द्वारा निर्देशित डम्ब वेटर एवं 28 सितंबर को दलीप वैरागी द्वारा लिखित एवं डॉ0 देशराज मीणा द्वारा निर्देशित उत्तर कामायनी नाटक का मंचन होगा। फेस्टिवल सहसंयोजक रामजस चौधरी ने बताया कि तीनो नाटको का मंचन जेल सर्किलए अलवर स्थित महावर ऑडिटोरियम में प्रतिदिन सांय साढे छः बजे से किया जावेगा। प्रत्येक नाटक करीब डेढ घंटे का होगा। उन्होने अलवर के कलाप्रेमियों और सक्रिय नागरिको से अनुरोध किया कि उक्त फेस्टिवल के सफल आयोजन के लिए व्यक्तिगत अथवा समूह के स्तर पर प्रायोजक, वॉलिंटियर एवं दर्शक आदि के रूप में अपनी भागीदारी दे सकते है। आशा फाउंडेशन ट्रस्ट की अध्यक्ष आशा गुप्ता ने बताया कि यह आयोजन संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से किया जा रहा है। उन्होने बताया कि रंगमंच समाज का आईना हैए जो ना केवल एक स्वस्थ मनोरंजन देता है बल्कि समाज को एक दृष्टिकोण और संदेश देता है।

## तनिषा सेन का कबड्डी प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर हुआ चयन



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** पंचायत समिति क्षेत्र के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ की छात्रा तनिषा सैन का कबड्डी खेलकूद प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयन हुआ है। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गोला का बास के प्रधानाचार्य सीताराम मीना ने बताया कि विद्यालय की कक्षा 12वीं की छात्रा तनिषा सेन पुत्री निरंजन सेन का कबड्डी खेलकूद प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयन हुआ है। शुक्रवार को बालिका का विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय स्टाफ की ओर से माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य सीताराम मीना, विजय कुमार महावर, संतोषी लाल मीना, पीटीआई मनसा कुमारी, सुलोचना व्यास, अर्चना, मनीष सहित विद्यालय का स्टाफ व बच्चे उपस्थित रहे।

## टीकाकरण के साथ हुआ बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नयाबास स्थित राजदीप एकेडमी माध्यमिक विद्यालय में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ । संस्था प्रधान दीपक पंडित ने बताया कि इस अभियान में पीएससी अखैपुरा से एएनएम बृजेश चौधरी और आशा वर्कर मीना यादव द्वारा विद्यालय के बच्चों को टीडी बूस्टर, डिप्थीरिया और टिटनस के टीके लगाए गए। ललिता नरूका, शालू सिद्ध ,आरती शर्मा ने सहयोग किया।

### 20-25 वर्ष से बंद आम रास्ता खुलने से पिसई के ग्रामीणों की सुगम हुई राह

# आमजन के लिए राहत का दूसरा नाम ग्रामीण सेवा शिविर

### आवासीय भूमि का पट्टा मिलने से लाभार्थी धर्मजीत नट का बढा आत्मविश्वास

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अंत्योदय की संकल्पना को सेवा पर्व पखवाड़े के तहत आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर साकार रूप दे रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को पंचायत समिति कठूमर की ग्राम पंचायत टीकरी एवं पंचायत समिति राजगढ की ग्राम पंचायत कुंडला में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर आमजन की उम्मीदों को हकीकत में बदलने का जरिया बने।

पिसई के ग्रामीणों की आम रास्ता खुलने से सुगम हुई राह

सेवा पर्व पखवाड़ा अंतर्गत गुरुवार को ग्राम पंचायत टीकरी में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में पिसई के ग्राम वासियों की मांग पर राजस्व अधिकारियों ने त्वरित संज्ञान लेकर 20-25 वर्ष से बंद आम रास्ते को खुलवाया। इस पर ग्रामीणों ने बताया कि गांव में एक आम रास्ता है, जो पिसई से रुंध मैथना को जाता है यह रास्ता पिछले 20-25 वर्ष से बंद होने के कारण ग्रामवासियों को अपने खेतों में आने-जाने के लिए समस्या का सामना करना पड़ रहा था। जिसका आज सेवा शिविर में तत्काल समाधान होने पर हम सभी ग्रामवासी बहुत प्रसन्न है। हम सभी मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा को सेवा शिविर की अनूठी पहल के लिए बारम्बार धन्यवाद देते हैं।

**आवासीय भूमि का पट्टा मिलने से लाभार्थी धर्मजीत नट का बढा आत्मविश्वासः** पंचायत समिति राजगढ़ की ग्राम पंचायत कुंडला में आयोजित ग्राम सेवा शिविर में पहुंचे लाभार्थी धर्मजीत नट द्वारा पट्टे का आवेदन करने पर शिविर में तत्काल कार्रवाई करते हुए अधिकारियों ने उसे आवासीय भूमि का पट्टा सौंपा। लाभार्थी ने बताया कि मेरे द्वारा आवेदन करने पर शिविर में सुगमता से आवासीय भूमि का पट्टा मिलने से मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा, उसने बताया कि पट्टा मिलने से मुझे मेरी भूमिका स्वामित्व मिला है, जिससे मेरे आत्मविश्वास में वृद्घि हुई है, अब मुझे अन्य आवश्यकताओं के लिए बैंक से आसानी से लोन मिल सकेगा। जिस पर लाभार्थी ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## झाँसला ने बढ़ाया कोटपूतली बहरोड़ जिले का गौरव

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर (धीरज मौर्य)।** कोटपूतली बहरोड़ जिले के गाँव दहमी के राहुल झाँसला ने जिले का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने नई दिल्ली के दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर एनएसयूआई के प्रत्याशी राहुल झाँसला ने जीत दर्ज की। यह राजस्थान प्रदेशवासियों सहित कोटपूतली बहरोड़ जिले के लिए गौरव की बात है। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में जीत करने वाले राहुल झाँसला बहरोड़ के दहमी गाँव के निवासी हैं।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राहुल झाँसला के दादाजी रामावतार झाँसला व उनके चाचाजी महेन्द्र झाँसला पूर्व सरपंच रह चुके हैं। उनके पिताजी वीरेन्द्र झाँसला एक व्यवसायी हैं जिनके पास विभिन्न एजेंसियों के अलावा होटल प्रबंधन का कार्य है। उनकी माताजी गृहणी हैं जो परिवार को संभालती हैं। कुल मिलाकर कहें कि राजनीती के गुण तो उनमें पैतृक कहे जा सकते हैं।लेकिन देश भर के नामचीन कद्दावर नेताओं ने कांग्रेस समर्थक संगठन की जीत दर्ज करवाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी !दिल्ली विश्वविद्यालय में राहुल झाँसला ने कुल 3हजार 9सौ 63मतों से जीत हासिल की। यह कोटपूतली बहरोड़ जिले के लिए अतिमहत्वपूर्ण औऱ गौरव की बात है।वहीं भाजपा समर्थित संगठन एबीवीपी के आर्यन मान अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए हैं।सचिव पद पर कुणाल चौधरी विजेता रहे संयुक्त सचिव पद पर दीपिका झा विजेता रही। दिल्ली विश्वविद्यालय 2025-26के छात्रसंघ चुनाव के लिए नियुक्त मुख्य चुनाव अधिकारी प्रोफेसर राजकुमार शर्मा के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए 9प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे तो उपाध्यक्ष पद के लिए 3,वहीं सचिव पद के लिए 4तो संयुक्त सचिव पद के लिए कुल 5प्रत्याशी चुनाव मैदान में रहे।

## बिजली विभाग की लापरवाही- बिजली के खम्भे के करंट से तीन भैसों की मौत

### करंट लगने से महिला झुलसी

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़ (अलवर)।** राजगढ़ क्षेत्र में शुक्रवार को में बिजली विभाग की लापरवाही का एक और मामला सामने आया है, जहां करंट लगने से एक किसान की 3 भैंसो की दर्दनाक मौत हो गई। मामला राजगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र के गोठ गांव का है। गोठ गांव निवासी राजेश मीना पुत्र रामावतार मीना ने बताया की शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे मेरे खेत मे भैंस खड़ी थी तभी पास मे लगे बिजली के खम्भे से करंट खेत मे लगे लोहे के जाल में आ गया। उसी समय मेरी तीनो भैंसो की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि खेत से गुजर रही घरेलू सप्लाई लाइन को खम्भे से बिना इन्सुलेटर (सेफ्टी) से लगा रखा था जिसकी वजह से खेत मे लगे तारों मे करंट आने से राजेश की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। वहीं किसान की तीनो भैंस मर गयी।

## खेतान पॉलिटेक्निक कॉलेज जयपुर एलुमनाई एसोसिएशन का रीयूनियन एवं एक्सपो सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान




**अलवर (का.स.)।** कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. मंजू बाघमार राज्य मंत्री, राजस्थान सरकार द्वारा एक्सपो का अवलोकन किया गया । रीयूनियन के कार्यक्रम में उन्होंने कपकजा सौवेनिर तथा डायरेक्ट्री का विमोचन, खास मुलाकात खेतान पॉलिटेक्निक कॉलेज एलूमनी के साथ यूट्यूब चैनल कार्यक्रम के प्रथम संस्करण का शुभारंभ, अपने अपने क्षेत्रों में सफल एलुमनाई को प्राइड ऑफ़ कपकजा अवार्डए जरूरत मंद छात्र छात्राओं को स्कॉलरशिप, कॉलेज के टॉपर छात्र छात्राओं का मेमेंटो देकर सम्मानित किया गया । एक्सपो का उद्घाटन एनके.जैन अध्यक्ष एम्प्लॉयर्स एसोसिएशन ऑफ़ राजस्थान द्वारा किया गया और अपने उद्बोधन में बताया कि इस प्रकार के आयोजन से एलूमनी का आपस में जुड़ाव और व्यापारिक एवं सामाजिक संबंध मजबूत होंगे ।

एसोसिएशन अध्यक्ष जी पी शर्मा ने बताया कि कॉलेज के पूर्व छात्र छात्राओं की रीयूनियन के साथ साथ प्रथम बार बिजनेस एक्सपो का भी आयोजन गया जिसमे उद्यमी एलूमनी और अन्य कंपनियों ने अपनी कंपनी के उत्पाद और सर्विसेज को प्रदर्शित किया । इस एक दिवसीय प्रदर्शनी में देश की कई बड़ी नामचीन कंपनियों ने भी अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया । उन्होंने मंत्री महोदया से कॉलेज में एक ऑडिटोरियम और कफ़ेटेरिया बनाने की भी माँग की और आने वाले समय में एसोसिएशन की वेबसाइट पर कॉलेज छात्रों के लिये एक जॉब पोर्टल लिंक भी उपलब्ध कराने का विश्वास दिलाया ए जिससे कॉलेज के छात्र छात्राओं को एलुमनाई अपने उद्योगों में रोजगार के अवसर प्रदान कर सकें। एसोसिएशन के महासचिव श्री दिनेश चन्द सैनी ने संस्था द्वारा इसके स्थापना वर्ष 2016 से किये गये कार्यों का उल्लेख किया और अवगत कराया कि रीयूनियन में देश के कोने कोने से एलुमनाई ने अपने परिवार सहित भाग लिया ।कॉलेज से उत्तीर्ण होकर 25 वर्ष पूर्ण कर चुके एलुमनाई को सिल्वर जुबली सम्मान से सम्मानित किया गया साथ ही गुरुजनों का भी सम्मान किया गया । क्रेक्स-2025 के संयोजक एन. राम ने अपने संबोधन में सभी स्पॉन्सर्स और एग्जीबिटर्स का आभार व्यक्त किया और बताया कि क्रेक्स 2025 के मेन स्पॉन्सर्स में जेनेसिस डिज़ाइन स्टूडियो, डैकिन एयर कंडीशनिंग इंडिया, फेनेस्टा डोर्स - विंडो, अपार इंडस्ट्रीज लिमिटेड, विजन फॉर कम्फर्ट ए नोविटेट मॉड्यूलर फर्नीचर सम्मिलित हैं। इस आयोजन में एल्युमिनाई ने संगीत संध्या में अपने अपने स्वरों से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया । कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा मोहक नृत्य प्रस्तुतियां दी एवं सभी ने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया और अगले रीयूनियन में मिलने के वादे के साथ अलविदा कहा। मीडिया प्रभारी अजय शर्मा ने मीडिया से आये सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया ।

## राहुल गांधी के निर्देश पर बानसूर में 'वोट चोर - गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान शुरू

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर (धीरज मौर्य)।** कांग्रेस के नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा उठाए गए वोट चोरी के मुद्दे के बाद बानसूर विधानसभा क्षेत्र में लोकतंत्र बचाने के उद्देश्य से 'वोट चोर - गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान 20 सितंबर से शुरू किया जाएगा।

पूर्व केबिनेट मंत्री शकुंतला रावत ने बताया कि इस अभियान का शुभारंभ नगर पालिका क्षेत्र स्थित रामबाग परिसर से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रामबाग परिसर सभी विधानसभा क्षेत्रवासियों का आस्था केंद्र है, इसलिए लोकतंत्र के प्रति आस्था रखने वाले लोग कांग्रेसजनों के साथ इस अभियान में कंधे से कंधा मिलाकर भाग लेंगे। रावत ने बताया कि अभियान के दौरान ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के कोऑर्डिनेटर के.के. शास्त्री, अलवर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व प्रधान योगेश मिश्रा, जयपुर ग्रामीण से लोकसभा प्रत्याशी अनील चौपड़ा, जिला प्रभारी फूलचंद ओला, विधानसभा प्रभारी श्रीराम, जिला कांग्रेस कमेटी की प्रभारी जीतकर, प्रदेश एवं जिला कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, शहर अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, जिला पार्षद, पंचायत समिति सदस्य, कांग्रेस समर्थक सरपंच, पूर्व प्रत्याशी और वरिष्ठ-जूनियर कांग्रेसजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रहेगी।

यह अभियान लोकतंत्र के संरक्षण और जनता के अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

### नकारात्मक विचारों को सकारात्मक विचारों में बदलने का किया जा रहा है प्रयास

# अखिल विश्व गायत्री परिवार के विचार क्रांति अभियान की चली लहर

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** आज मानव दुश्चिंतन और बदसंगत के प्रभाव से पीड़ा और पतन के गर्त मे गिरता जा रहा है। महापुरुषों का कथन है कि जो जैसा सोचता है, वह वैसा ही करता है, और वैसा ही बन जाता है। दूषित खानपान, दूषित चिंतन नेगेटिव सोच से दुष्कर्म बढ़ रहे हैं, नतीजन जेलों में अपराधियों की संख्या बेहताशा बढ़ रही है। कारागारों में बंदियों के विचारों में सकारात्मकता लाने के लिए गायत्री परिवार अलवर समय समय पर कार्यक्रम करवाता रहता है। नकारात्मक विचारों को सकारात्मक विचारों में बदला जा सकता है। सकारात्मकता के लिए स्वाध्याय, सत्संग, सतत साधना, गायत्री यज्ञ के कार्यक्रम कारागार में चलाये जा रहे हैं।

इसी कड़ी में दिनांक 18 सितंबर गुरुवार को शाम 4ए30 बजे गायत्री परिवार अलवर की दो टोली जेल अधीक्षक से अनुमति प्राप्त कर महिला व पुरुष कारागार के सुधार गृह में पहुंची। जहां पर संगीतमय दीप यज्ञ के सानिध्य में 22 सितंबर से शुरू हो रहे नवरात्रा अनुष्ठान के लिए पूर्व के भांति संकल्प कराया गया। 27 पुरुष और 14 महिला बंदियों ने नवरात्रा गायत्री मंत्र जप का लघु अनुष्ठान करने का संकल्प लिया। अनुष्ठान की पूर्णाहुति 2 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे 5 कुंडी गायत्री महायज्ञ से होगी। साधना करने वाले महिला पुरुष बंदीजनों को गायत्री मंत्र लेखन पुस्तिकाए पैनए माला वितरित की गई। उन्हें बताया गया कि आप अपनी सामथ्र्य अनुसार 5 या 11या 21 माला प्रतिदिन गायत्री मंत्र जप या कोई भी अपने इष्ट मंत्र का जप या मंत्रलेखन करके लघु अनुष्ठान पूरा कर सकते हैं। गायत्री परिवार ट्रस्ट अलवर की मुख्य प्रबंध ट्रस्टी डा.सरोज गुप्ता ने बताया कि इस प्रकार के अनुष्ठान के प्रतिफल से पूर्व में कई बंदीजन बंदीगृह से छूट कर वाल्मिकी, तुलसीदास, सूरदास आदि की तरह अपने जीवन की दिशा धारा बदल कर अपने परिवार के साथ सुखमय जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

सतीश सारस्वत ने बताया कि पुरुष कारागृह के कार्यक्रम में ज्ञानेंद्र शर्मा, मुरारीलाल शर्मा, चौधरी चरणसिंह, राकेश तिवाड़ी,कृष्णकुमार मिश्रा और श्याम साहू उपस्थित रहे तथा कारागार की महिला शाखा में आशा तिवाड़ी, ममता गुप्ता, रजनी शर्मा और गायत्री शर्मा ने कार्यक्रम में भागीदारी की।

# 'फलस्तीन को मान्यता, मध्य पूर्व की शांति के लिए ऐतिहासिक कदम': मैक्रों

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एंजेन्सी)।** फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि फलस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देना मध्य पूर्व में शांति की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम होगा। वे सोमवार (स्थानीय समयानुसार) को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में आधिकारिक रूप से फलस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने की घोषणा करेंगे, जिसकी अध्यक्षता वे सऊदी अरब के साथ करेंगे।

बृहस्पतिवार को प्रसारित एक साक्षात्कार में मैक्रों ने कहा, 'हमें फलस्तीनी लोगों के एक राष्ट्र होने के वैध अधिकार को मान्यता देनी होगी। यदि आप उन्हें राजनीतिक समाधान नहीं देंगे, तो वे केवल हिंसा और कट्टरपंथ की ओर धकेले जाएंगे।' उन्होंने गाजा में इस्राइल के जमीनी हमले को 'भारी गलती' और 'कबूल न करने योग्य' बताया।

इसक कदम से इस्राइल और अमेरिका नाराज हैं। उनका कहना है कि इससे उग्रवादी मजबूत होंगे और हमास को इनाम मिलेगा। मगर मैक्रों का तर्क है कि द्वि-राष्ट्र समाधान ही शांति और स्थिरता का रास्ता है। पहले से ही 145 से ज्यादा देश फलस्तीन को मान्यता दे चुके हैं, और ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, पुर्तगाल, बेल्जियम व अन्य यूरोपीय देश भी फ्रांस के साथ जुड़ सकते हैं।

### अरब लीग ने कहा- हमास को छोड़नी होगी सत्ता

फ्रांस का मानना है कि फलस्तीन राष्ट्र बनने का मतलब हमास का विघटन भी होना चाहिए। अरब लीग ने भी कहा है कि हमास को सत्ता छोड़नी होगी और हथियार फलस्तीनी प्राधिकरण को सौंपने होंगे। फ्रांस के भीतर इस फैसले को लेकर तेज प्रतिक्रियाएं हैं। यहूदी समुदाय की प्रमुख संस्था CRIF ने इसे 'नैतिक विफलता और राजनीतिक खतरा' बताया। वहीं, वामपंथी दलों ने इसका स्वागत किया और कुछ नेताओं ने सुझाव दिया कि नगर भवनों पर फलस्तीन का झंडा फहराया जाए।

### अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर ज्यादा ध्यान दे रहे मैक्रों

इमैनुएल मैक्रों का घरेलू राजनीतिक भविष्य कमजोर नजर आ रहा है, इसलिए वे अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। फ्रांस में बढ़ती महंगाई और अस्थिरता के बीच उनकी लोकप्रियता गिर रही है, लेकिन वे अपनी विरासत को मजबूत करने के लिए विदेश नीति को प्रमुख हथियार बना रहे हैं।

# आरएसएफ ने सूडान में मस्जिद पर किया ड्रोन हमला



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एंजेन्सी)।** सूडान में जारी गृहयुद्ध के बीच शुक्रवार को उत्तरी दारफुर के अल फशर शहर में एक मस्जिद को निशाना बनाया गया। यहां नमाज के दौरान मस्जिद पर हुए ड्रोन हमले में कम से कम 70 लोगों की मौत हो गई। हमले का आरोप अर्धसैनिक संगठन रैपिड सपोर्ट फोर्सेस पर लगाया गया है।

स्थानीय राहत समूह के एक कार्यकर्ता ने इस हमले के बाद का भयावह मंजर बयां किया। उसने बताया कि हमले के बाद मस्जिद पूरी तरह ढह गई है और कई शव मलबे में दबे हैं, जिससे मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। वहीं, हमले का वीडियो भी सामने आया है, हालांकि वीडियो की पुष्टि नहीं हो पाई है।

वहीं, सूडानी सेना ने इस हमले को लेकर बयान जारी किया है। इसमें कहा गया है कि निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाना इस विद्रोही मिलिशिया की पहचान है, और यह पूरी दुनिया के सामने खुलेआम ऐसा कर रही है। गौरतलब है कि इससे पहले इस सप्ताह की शुरुआत में ही आरएसएफ ने अल-फाशेर में 18 लोगों की हत्या कर दी थी और 14 अन्य को अगवा कर लिया था, जिनमें तीन लड़कियां भी शामिल हैं। सूडान में गृहयुद्ध अप्रैल 2023 से जारी है, जब सेना और आरएसएफ के कमांडरों के बीच सत्ता को लेकर संघर्ष शुरू हुआ था। इस लड़ाई ने पूर्वोत्तर अफ्रीकी देश को बर्बाद कर दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार अब तक 40,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और 1.2 करोड़ विस्थापित हुए हैं। अल फशर पिछले एक साल से संघर्ष का केंद्र बना हुआ है और यह सेना का दारफुर में अंतिम ठिकाना बचा हुआ है।

### ICC मानवता के खिलाफ अपराधों की कर रहा जांच

इस लड़ाई में अब तक हजारों लोगों की मौत हो चुकी है। खासकर दारफुर क्षेत्र में सामूहिक हत्याएं और दुष्कर्म जैसी अमानवीय घटनाएं हुई हैं। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) संघर्ष में संभावित अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों की जांच कर रहा है।

### संयुक्त राष्ट्र की चेतावनी

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय सूडान की इस स्थिति को लेकर चिंतित है। उसने इस संघर्ष की आलोचना की है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी से जून 2025 के बीच केवल दारफुर क्षेत्र में ही 3,384 नागरिकों की मौत दर्ज की गई। हाल ही में जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के प्रतिनिधि ली फंग ने कहा था कि अल-फाशेर की स्थिति तेजी से बिगड़ रही है। लोग भोजन, पानी और दवाओं की कमी से जूझ रहे हैं। यहां फंसे नागरिकों के पास कोई सुरक्षित रास्ता नहीं है।

# राहुल के 'वोट चोरी' दावे पर,प्रह्लाद जोशी ने दिया ये करारा जवाब



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एंजेन्सी)।** राहुल गांधी द्वारा हाल ही में लगाए गए वोट चोरी के आरोपों पर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी कहते हैं, "मुझे नहीं पता कि वह क्या कहना चाह रहे हैं। हमारे देश में एक अच्छी व्यवस्था है और हम सबसे बड़े लोकतंत्र हैं। अगर लोग उन्हें (कांग्रेस पार्टी को) वोट नहीं देते, तो क्या यह हमारी गलती है? वह ऐसी बकवास क्यों कर रहे हैं? क्या वह नेपाल और श्रीलंका की तुलना हमसे कर रहे हैं? नाम ऐसे नहीं काटे जा सकते.इसकी पुष्टि हो चुकी है और इस बारे में पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई गई है.हमें ऐसा विपक्षी नेता नहीं चाहिए. वह खुद भी अपनी बात रखते समय भ्रमित रहते हैं.अपने अच्छे काम और विजन को सामने रखने के बजाय, वे लोगों का अनादर करते हैं। इतने सारे रीलॉन्च के बाद भी, वह अभी भी असफल हो रहे हैं." राहुल गांधी के जेनरेशन ज़ेड (जेनरेशन ज़ेड) वाले पोस्ट पर, वह कहते हैं, "उनका मानना है कि अगर उन्हें लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता नहीं मिलती है, तो उन्हें किसी वामपंथी तरीके से सत्ता हासिल करनी होगी। भारत इस सोच को कभी स्वीकार नहीं करेगा... लोग उनका समर्थन नहीं कर रहे हैं... अराजकता का आह्वान लोगों को पसंद नहीं आएगा।

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को एकबार फिर से चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग का नाम लिए बिना कहा कि चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा। उनकी यह टिप्पणी वोट चोरी के मुद्दे पर अपने हमले को तेज करने के एक दिन बाद आई है। जिसमें उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर "लोकतंत्र को नष्ट करने वालों" को रक्षा करने का आरोप लगाया था।

इससे पहले गुरुवार शाम को एक पोस्ट में राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा था कि देश के युवा, देश के छात्र, देश की जेन जी, संविधान की रक्षा करेंगे, लोकतंत्र की रक्षा करेंगे और वोट चोरी रोकेंगे। मैं हमेशा उनके साथ खड़ा हूं।

# वर्ल्ड नंबर-20 ओमान से 40 ओवर में जीत सका भारत

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एंजेन्सी)।** डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने एशिया कप 2025 में अपना विजय अभियान जारी रखा है। शुक्रवार को अबू धाबी में भारतीय टीम ने ओमान को 21 रन से हराया। भले ही यह मैच भारतीय टीम ने जीता हो, लेकिन ओमान ने फैंस का दिल जीत लिया।

ओमान की टीम ने वर्ल्ड चैंपियन के खिलाफ पूरे 40 ओवर में संघर्ष किया। इस मुकाबले में भारतीय टीम को 10 बल्लेबाज उतारने पड़े, जबकि 8 खिलाड़ियों को गेंदबाजी में लगाना पड़ा। फिर भी इंडियन टीम ओमान के 4 विकेट ही गिरा सकी।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 188 रन बनाए। जवाब में ओमान 167 रन ही बना सकी। टीम से आमिर कलीम (64 रन) और हमाद मिर्जा (51 रन) ने अर्धशतक लगाए। कुलदीप यादव और हर्षित राणा को एक-एक विकेट मिला। भारत से संजू सैमसन (56 रन) ने अर्धशतक बनाया। ओमान की ओर से फैसल शाह, जितेन रामनंदी और आमिर कलीम को 2-2 विकेट मिले। भारतीय टीम ने इस मुकाबले को 21 रनों से जीत लिया है। आखिरी ओवर डाल रहे अर्शदीप सिंह ने पहली बॉल पर विनायक शुक्ला को रिंकू सिंह के हाथों कैच कराया। विनायक की जगह बैटिंग करने उतरे जितेन रामनंदी ने अर्शदीप की बॉल पर 3 चौके लगाए। हालांकि वे हार को टाल नहीं सके।

# चुनाव पर भड़के कन्हैया कुमार, सरकार पर साधा निशाना

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एंजेन्सी)।** कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार कहते हैं, ".मैं इस चुनाव के संबंध में दो बातें कहना चाहता हूँ। पहली, यह देखा गया है कि ज़्यादातर विश्वविद्यालयों में चुनाव हुए ही नहीं, और जहाँ हुए भी, वहाँ लिंगदोह का बहाना बनाकर छात्रों को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। इतना ही नहीं, विश्वविद्यालय के भीतर छात्र राजनीति को ख़त्म करने की कोशिशें जारी हैं, जबकि प्रशासन, सरकार, पुलिस और पैसे-पावर वाले प्रभावशाली माफियाओं का एक गठबंधन बन गया है.दूसरी बात यह है कि इस मज़बूत गठबंधन के बावजूद, NSUI ने ज़ोरदार तरीक़े से चुनाव लड़ा और सिर्फ़ एक पद पर जीत हासिल की.मैं ABVP और इस गठबंधन को बताना चाहता हूँ कि अगर हम एक भी पद नहीं जीत पाए, तब भी हम उन विश्वविद्यालयों के लिए लड़ेंगे जहाँ चुनाव नहीं हुए। आर्यन मान हरियाणा के बहादुरगढ़ से हैं।







भर्ती में 25वीं रैंक लाने वाला प्रोबेशनर SI गिरफ्तार

# एग्जाम से पहले पढ़ा था सॉल्व पेपर, चित्तौड़गढ़ पुलिस लाइन में था तैनात

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने एसआई भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक मामले में एक प्रोबेशनर एसआई को शुक्रवार दोपहर गिरफ्तार किया है। वह चित्तौड़गढ़ पुलिस लाइन में तैनात था। एग्जाम से पहले लीक सॉल्व पेपर को पढ़कर एसआई भर्ती में चयनित हुआ था। एसओजी फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है।

एडीजी (एटीएस और एसओजी) वीके सिंह ने बताया- एसआई भर्ती परीक्षा 2021 पेपर लीक मामले में एसओजी की ओर से साल 2024 में केस दर्ज कर जांच की जा रही है। मामले में आरोपी कैलाश कुमार पुत्र बाबुराम निवासी सांचौर जालोर को अरेस्ट किया गया। आरोपी कैलाश कुमार एसआई भर्ती पेपर की दोनों पारियों की लिखित परीक्षा में सॉल्व पेपर पढ़कर चयनित हुआ था। आरोपी कैलाश कुमार वर्तमान में पुलिस लाइन चित्तौड़गढ़ में पुलिस एसआई (प्रोबेशनर) है। वीके सिंह ने बताया- आरोपी कैलाश कुमार का एसआई भर्ती परीक्षा-2021 की लिखित परीक्षा में मिले अंको का आरपीएससी अजमेर से विवरण प्राप्त किया गया था।

### एसओजी ने एसआई भर्ती के प्रश्न पत्रों के अनुसार दोबारा परीक्षा लीए

एसओजी की जांच के दौरान राजस्थान पुलिस अकादमी (RPA) जयपुर में ट्रेनी एसआई की लिखित परीक्षा में आए प्रश्न पत्रों के अनुसार दोबारा परीक्षा ली गई थी। इसमें कैलाश कुमार के एसआई की लिखित परीक्षा में प्राप्तांकों एवं विभाग की ओर से उन्हीं प्रश्न पत्रों से दोबारा ली गई। परीक्षा में भारी अंतर पाया गया। अब तक 56 एसआई सहित कुल 127 आरोपियों को अरेस्ट किया जा चुका है।

# नरेश मीणा को पुलिस ने SMS हॉस्पिटल में कराया एडमिट

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** शहीद स्मारक पर आमरण अनशन पर बैठे नरेश मीणा को गुरुवार शाम जयपुर पुलिस ने हिरासत में लेने के बाद सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। मीणा जयपुर के शहीद स्मारक पर झालावाड़ स्कूल हादसे के पीड़ितों को मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर पिछले 6 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे थे।

दरअसल, नरेश मीणा जयपुर के शहीद स्मारक पर पिछले शुक्रवार से ही आमरण अनशन पर बैठे हुए है। बुधवार को जयपुर पुलिस ने उन्हें बिना अनुमति सहित स्मारक पर धरना देने के खिलाफ नोटिस दिया था। लेकिन शुक्रवार को जब नरेश मीणा ने शहीद स्मारक खाली नहीं किया। तो पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेने का फैसला किया। गुरुवार को जैसे ही पुलिस नरेश को हिरासत में लेने पहुंची। तो नरेश के समर्थकों ने पुलिस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने मीणा को हिरासत में लेकर सवाई मानसिंह हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने भी नरेश मीणा से मुलाकात की। बता दें कि नरेश मीणा ने झालावाड़ स्कूल हादसे के पीड़ितों के लिए मुआवजे की मांग को लेकर आमरण अनशन शुरू किया था। नरेश झालावाड़ स्कूल हादसे के पीड़ित परिवारों को 50 लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग कर रहे है। लेकिन सरकार के स्तर पर फिलहाल इस पर सहमति नहीं बन पाई है। इससे पहले नरेश ने सोमवार को अपने समर्थकों के साथ मुख्यमंत्री आवास घेरने की कोशिश की थी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक और प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टॉक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार